जीवन दर्शन

दैनिक
ग्लोबल हेराल्ड

महानगर संस्करण

हमे नई परिस्थितियों में नई सोच के सात काम करना चाहिए। - अब्राहम लिंकन

LOCAL TO GLOBAL

www.globalherald.news

रविवार 7 अप्रैल, 2024 » वर्ष 13 » अंक 56 » इंदौर-भोपाल से प्रकाशित » पेज 6 » मूल्य ₹ 2.00

शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर जीत पाने के लिए करना....

पृष्ठ 6 पर



न्यूज ब्रीफ

चुनाव हारने के 40 दिन बाद हाईकोर्ट पहुंचे सिंघवी: लॉटरी में जिसका नाम निकले...

शिमला। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने हाईकोर्ट में पिटीशन लगाई है। 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को लॉटरी के चलते विजेता घोषित किया गया था। हर्ष और सिंघवी दोनों को 34-34 वोट मिले थे। हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव हारने के करीब 40 दिन बाद कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार 6 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सिंघवी ने ड्रॉ के जरिए विजेता घोषित करने के चुनाव अधिकारी के फैसले को चुनौती दी है। 27 फरवरी को हुए चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को ड्रॉ ऑफ लॉट्स नियम के चलते विजेता घोषित किया गया था। हर्ष और सिंघवी दोनों को 34-34 वोट मिले थे।

डीपफेक से बचाने के लिए एआई निर्मित सामग्री पर लेबल चस्पा करेगा मेटा

Meta

वाशिंगटन। सोशल मीडिया समूह मेटा ने एलान किया है कि मई से फेसबुक सहित इसके सभी प्लेटफॉर्म पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) निर्मित सामग्री पर एक लेबल चस्पा किया जाएगा, ताकि इसकी अलग पहचान हो सके। मेटा ने यह फैसला अपने स्वतंत्र निदेशकों से मिली राय के आधार पर लिया है। मेटा ने इस सबंध में एक वक्तव्य में कहा, हम ओवरसाइट बोर्ड के फीडबैक, जनमत सर्वेक्षणों और विशेषज्ञ परामर्शों के साथ अपनी नीति समीक्षा प्रक्रिया के आधार पर कंटेंट मे होने वाली हेरफेर, डीपफेक और झूठ-फरेब से निपटने के लिए नीतियों में बदलाव कर रहे हैं। इसके तहत एआई टूल्स का इस्तेमाल कर बनाई गई सामग्री, जैसे वीडियो, टेक्स्ट व इमेज को लेबल लगाकर अलग पहचान दी जाएगी, ताकि यूजर को पता चल सके कि यह सामग्री एआई की मदद से बनी है।

महाराष्ट्र में 53 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र रद्द

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने शनिवार को कहा कि राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आठ निर्वाचन क्षेत्रों से 352 उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच करने पर 299 नामांकन पत्र वैध पाए गए जबकि 53 को निरस्त कर दिया गया। कुल 299 वैध उम्मीदवारों में बुलढाणा से 25, अकोला से 17, अमरावती से 56, वर्धा से 26, यवतमाल-वाशिम से 20, हिंगोली से 48, नांदेड़ से 66 और परभणी के 41 उम्मीदवार शामिल हैं। इन आठ निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है, मतदान 26 अप्रैल को होगा और मतगणना चार जून को होगी।

'जम्मू-कश्मीर पर हर राज्य और नागरिक का अधिकार', अमित शाह ने खरगे पर कसा तंज

नई दिल्ली ■

गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। खरगे ने अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने के लिए सत्तारूढ़ दल पर तंज कसा था। इस पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल भारत के मूल विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) को नहीं समझ रहा है। इसके लिए कांग्रेस की इतालवी संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

गृह मंत्री शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने शनिवार को एक्स पर खरगे के भाषण का एक वीडियो क्लिप साझा किया। इसमें अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को सत्तारूढ़ भाजपा पर तंज कसते हुए सुना जा सकता है। वीडियो क्लिप में खरगे कह रहे हैं- अरे भाई, यहां के लोगों से क्या वास्ता है? खरगे ने गलती से अनुच्छेद 370 को अनुच्छेद 371 भी कह दिया।

'कांग्रेस को जवाब देगी जनता'

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को पता नहीं है कि राजस्थान के कई वीर सपूतों ने कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। गृह मंत्री ने कहा, यह केवल कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। यह मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी की इतालवी संस्कृति है, जो भारत के विचार को नहीं समझने के लिए दोषी है। इस तरह के बयान से हर ऐसे देशभक्त नागरिक को चोट पहुंचती है, जो देश की एकता और अखंडता की परवाह करते हैं। जनता कांग्रेस को जरूर जवाब देगी। शाह ने आगे लिखा कि कांग्रेस की जानकारी के लिए यह अनुच्छेद 371 नहीं, बल्कि अनुच्छेद 370 था, जिसे मोदी सरकार ने निरस्त कर दिया था। हालांकि, कांग्रेस से यही उम्मीद की जाती है कि वह ऐसी भयानक गलतियां करती रहेगी। इसके द्वारा की गई ऐसी गलतियां हमारे देश को दशकों से परेशान कर रही हैं। जेपी नड्डा ने भी यह मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की।

कांग्रेस अध्यक्ष पर बरसे शाह

कांग्रेस अध्यक्ष पर पलटवार करते हुए शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, खरगे ने जो कहा, उसे सुनना शर्मनाक है। उन्होंने विपक्षी पार्टी को याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इस पर हर राज्य और नागरिक का अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का देश के बाकी हिस्सों पर अधिकार है।

अनुच्छेद 371 में बदलाव ...

कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा अनुच्छेद 370 के बारे में बात करते समय 'गलती से' अनुच्छेद 371 का जिक्र करने के लिए भाजपा की आलोचना पर पलटवार किया। कांग्रेस ने दावा किया कि पार्टी प्रमुख ने 'अनजाने में' अनुच्छेद 371 में बदलाव की मोदी-शाह की योजना को उजागर कर दिया है। बताते चलें, अनुच्छेद 371 मणिपुर, असम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और मिजोरम सहित 12 राज्यों को विशेष दर्जा प्रदान करता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पोस्ट किया।

नक्सली साजिश, एनआईए ने मारा यूपी और बिहार सहित 11 ठिकानों पर छापा

नई दिल्ली ■

लोकसभा चुनाव 2024 में नक्सली हमले का खतरा मंडरा रहा है। इसे देखते हुए भारत-विरोधी षड्यंत्र मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई की है। एनआईए ने कार्रवाई करते हुए एक साथ उत्तर प्रदेश और बिहार के 11 ठिकानों पर छापा मारा। एनआईए से आई सूचना के मुताबिक उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों पर छापे मारे गए। एनआईए प्रवक्ता ने बताया है कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठन के पर्चों जैसे दस्तावेज जब्त किए गए।

छह राज्यों में पहुंच बना रहे नक्सली

नक्सल का दायरा अब बढ़ रहा है। आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़ से निकलकर अब यह पहाड़ी प्रदेश उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश तक पहुंच गया है। एनआईए की अब तक की जांच के अनुसार प्रतिबंधित संगठन उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में भी अपनी पहुंच बढ़ाने में लगा हुआ है। इन प्रदेशों में माओवादी नेता, कार्यकताओं और ओवर ग्राउंड वर्कर इस क्षेत्र में संगठन की स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

2023 में भी की थी कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2023 में 10 नवंबर को भी कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई के तहत बलिया में हथियारों और गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज, साहित्य और किताबों की बरामदगी की गई थी। इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी संबंधित मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। अभिकरण ने नौ फरवरी 2024 को ही मामले में चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

सीबीआई ने बेनकाब कर दिया दिल्ली में बच्चों के खरीद-फरोख्त का नेटवर्क !

नई दिल्ली ■

दिल्ली के केशव पुरम इलाके में शुक्रवार को उस वक्त सनसनी मच गई जब सीबीआई और पुलिस की टीम एक घर में छापा मारने पहुंची. दो दिनों तक चली रेड के बाद सीबीआई ने मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 7 से 8 नवजात बच्चों को रेस्क्यू किया. हैरानी की बात ये है कि इसमें एक नवजात की उम्र महज 36 घंटे है जबकि दूसरे की उम्र 15 दिन है. रेड के दौरान केशव पुरम थाने की पुलिस भी मौके पर रही मौजूद थी.

7 आरोपी गिरफ्तार

अस्पतालों से बच्चा चोरी के इस गैंग का पदार्फाश करते हुए सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर से अब तक 7 आरोपियों को भी दबोचा है. सूत्रों के मुताबिक नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के केशवपुरम के मकान से सीबीआई ने दो नवजात बच्चे रेस्क्यू किए हैं. अब सीबीआई बरामद बच्चों का डिटेल्स खंगाल रही है. इन बच्चों का कहां से और कैसे अपहरण हुआ इसको लेकर पूछताछ की जा रही है. अधिकारियों को शुरूआती जांच में मामला नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त का लग रहा है.

गाजियाबाद में मोदी और योगी का रोड शो स्वागत में बड़ी संख्या में जुटे समर्थक

गाजियाबाद ■

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गाजियाबाद में रोड शो किया। उनका रोड शो मालीवाड़ा चौक से शुरू होकर चौधरी मोड़ पर खत्म हुआ। इस दौरान खुली जीप में उनके साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अतुल गर्ग थे। सभी ने बीजेपी का चुनाव चिह्न हाथ में लिया हुआ था।रोड शो में वीके सिंह ने सबका ध्यान खींचा। दरअसल, उनका टिकट काटकर पार्टी ने अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है। टिकट एलान से आठ घंटे पहले वीके सिंह ने एक्स हैंडल पर कहा था कि आगामी चुनाव नहीं लड़ूंगा।

मोदी ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया

रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों पर फूल बरसाए। उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन भी किया। रोड शो में हर 50-60 मीटर पर मंच बनाए गए थे। इससे पहले पीएम मोदी ने सहारनपुर और गाजियाबाद रैली को संबोधित किया था।

गाजियाबाद भाजपा का मजबूत गढ़

गाजियाबाद लोकसभा सीट बीजेपी का मजबूत गढ़ मानी जाती है। यहां से रमेश चंद्र तोमर चार बार सांसद चुने गए। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और जनरल वीके सिंह इस सीट से सांसद रहे हैं। भाजपा ने इस बार अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। अतुल के पिता दिनेश चंद गर्ग यहां के पहले मेयर रहे हैं।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में उपवास रखेगी AAP

नई दिल्ली ■

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी दिल्ली के जंतर-मंतर और भगत सिंह के पैतृक गांव खड़खड़कलां में सामूहिक उपवास रखेगी. AAP ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अंतरराष्ट्रीय बयान देने का प्रयास किया. AAP अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और नॉर्वे में सामूहिक उपवास रखेगी. इसके अलावा देश के पूरे राज्यों की राजधानी में सामूहिक उपवास रखा जाएगा. AAP अमेरिका में न्यूयॉर्क स्क्वायर, भारतीय दूतावास समेत कई स्थानों पर अनशन करेगी.

आप ने समर्थकों से अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की तस्वीरें व्हाट्सएप नंबर 72900-37700 पर भेजने को कहा है. AAP नेता गोपाल राय ने कहा कि दुनिया भर में रहने वाले भारतीयों ने अरविंद केजरीवाल और AAP के गठन का समर्थन किया था. दुनिया भर में रहने वाले भारतीय अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सवाल उठा रहे हैं. उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी ने दिल्ली सरकार के स्कूल का दौरा किया, इससे प्रवासी भारतीयों को गर्व महसूस हुआ. गोपाल राय ने कहा कि दूसरे देशों द्वारा जारी किए गए बयान एक अलग मुद्दा है.

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का बड़ा एलान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार के विरोध में एक बड़ा अभियान छेड़ने वाली है। इसके लिए पीटीआई ने एलान किया है कि वह 13 अप्रैल को बलूचिस्तान में नवगठित विपक्षी दलों के महागठबंधन के साथ मिलकर एक बड़ी जनसभा करेगी। बड़े स्तर पर जन आंदोलन शुरू करना मकसद पार्टी की ओर से शुक्रवार को कहा गया कि इस रैली का उद्देश्य मौजूदा सरकार के खिलाफ बड़े स्तर पर जन आंदोलन शुरू करना है। पीटीआई कोर कमेटी की बैठक में बलूचिस्तान के पिशिन जिले में आगामी 13 अप्रैल की रैली पर चर्चा हुई।

पेंडिंग केसों और फैसलों पर वकीलों के कमेंट से सीजेआई परेशान...आप आम आदमी नहीं

नई दिल्ली ■

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि न्यायपालिका के कंधे मजबूत हैं और वह प्रशंसा के साथ-साथ आलोचना भी सह सकता है, लेकिन लंबित मामलों या फैसलों पर हाल के दिनों में वकीलों की टिप्पणी बहुत परेशान करने वाली है। उन्होंने कहा कि बार के पदाधिकारियों और सदस्यों को न्यायिक फैसलों पर प्रतिक्रिया करते समय यह नहीं भूलना चाहिए कि वे अदालत के अधिकारी हैं, आम आदमी नहीं। सीजेआई शुक्रवार को हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ऑफ नागपुर के शताब्दी वर्ष समारोह में बोल रहे थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका बार-बार अपनी स्वतंत्रता और गैर-पक्षपातपूर्णता पर जोर देने के लिए आगे आई है। उन्होंने कहा, हालांकि, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका और बार की आजादी के बीच घनिष्ठ संबंध है।

न्यायिक गरिमा बनाए रखने पर दिया जोर

सीजेआई ने कहा कि एक संस्था के रूप में बार न्यायिक स्वतंत्रता, संवैधानिक मूल्यों और अदालत की गरिमा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में अधिकतर व्यक्तियों की राजनीतिक विचारधारा या झुकाव होता है। अरस्तू के शब्दों में मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं। वकील भी कोई अपवाद नहीं हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, बार के सदस्यों के लिए किसी का सर्वोच्च हित पक्षपातपूर्ण हितों के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठों के फैसले कठोर कार्यवाही, संपूर्ण कानूनी विश्लेषण और संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता की परिणति हैं। मैं व्हिस्की का प्रशंसक हूं, जब भरे कोर्ट रूम में वकील ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के सामने कही यह बात, फिर जानिए क्या हुआ? मुख्य न्यायाधीश बोले, लेकिन एक बार फैसला सुनाए जाने के बाद यह सार्वजनिक संपत्ति है। एक संस्था के रूप में हमारे कंधे चौड़े हैं। हम प्रशंसा और आलोचना दोनों प्राप्त करने के लिए तैयार हैं..., चाहे वह पत्रकारिता के माध्यम से हो, राजनीतिक टिप्पणी हो या सोशल मीडिया पर हो।

रूस ने भीषण हवाई हमले से मचा दिया कोहराम, 6 लोगों की मौत और 10 से ज्यादा घायल

खार्कीव। रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार घातक होता जा रहा है। यूक्रेन के पलटवार के बाद रूस ने एक बार फिर यूक्रेनी शहर खार्कीव पर बड़ा हवाई हमला किया है। अधिकारियों का कहना है कि खार्किव पर रूसी हमले में 6 लोगों की मौत हो गई है और 10 से ज्यादा घायल हुए हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि खार्कीव यूक्रेन का दूसरे सबसे बड़े शहर है। यहां रूसी हमले में शनिवार तड़के अचानक कोहराम मच गया। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमला ड्रोन से किया गया था। इसमें शहर की सड़कों और इमारतों के बगल में लगी आग की तस्वीरें प्रकाशित की गईं हैं, जो हालात को बताने के लिए काफी हैं।

खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा, आज सुबह तक, शेवचेनकिव्स्की जिले में रात के हमले के परिणामस्वरूप 6 लोग मारे गए और 10 घायल हो गए। उन्होंने कहा, हमले में आवासीय इलाकों को निशाना बनाया गया। कम से कम नौ ऊंची इमारतें, तीन शयनगृह, कई प्रशासनिक भवन, एक दुकान, एक पेट्रोल स्टेशन, एक सर्विस स्टेशन और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

व्यंग्य : अपराधियों का ' राम नाम सत्य ' : जनता तय करेगी..!

ग्लोबल हेराल्ड न्यूज एनालिसिस
GHNA
दिलीप शर्मा
(वरिष्ठ पत्रकार)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ की चुनावी सभा में स्पष्ट चेतावनी दी है कि जो भी सोसाइटी यानी समाज के लिए खतरा बनेगा उसका ' राम नाम सत्य ' तय है, जिसका सीधा अर्थ एनकाउंटर भी है..? योगी का इशारा अपराधी व माफियाओं पर है.खैर कानून के होते हुए अपराधियों का एनकाउंटर, बुलडोजर से ऐसे तत्वों की संपति नष्ट कर देने की नीति क्या बेहतर है, क्या जनता को यही पसंद है..? तो उसका फैसला 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम के साथ ही सामने आ जाएगा, वैसे यूपी की जनता का ऐसा फैसला हर राज्य की सरकार के लिए नजीर बन सकता है क्योंकि वर्षों चलने वाली कानूनी प्रक्रिया से बहुत कम अपराधियों को सजा मिलती है जबकि संख्या बहुत है.ऐसे मुद्दे पर बहस बहुत लम्बी हो सकती है. खैर लोकतंत्र है, जनता द्वारा तय तंत्र का शासन है तो जिसमें जनता सुकून महसूस करे वही बेहतर है..! हत्या हुई, व्यक्ति दुनिया में नहीं, पर सबूत नहीं तो हत्यारा बरी, क्या यही है न्याय..?

एमपी में सीएम मोहन के लिए मिशन 29 आसान..!- मध्यप्रदेश में कांग्रेस ने सपा को खजुराहो की एक सीट दी थी वहां सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द होने से एक सीट तो बीजेपी अध्यक्ष वी डी शर्मा के खाते में आना तय माना जा रहा है इसलिए अब 28 पर कांग्रेस और बीजेपी में मुकाबला तो है लेकिन एबीपी न्यूज पर टाइम्स नाउ का जो सर्वे सुर्खियों में है जिसके अनुसार लगता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मिशन 29 में सफल हो सकते हैं क्योंकि छिंदवाड़ा में अनेक करीबी कमलनाथ का साथ छोड़ चुके हैं और दिग्विजय सिंह भी जीत ही जाएं यह निश्चित नहीं है..!

जोड़ी तो दमदार है : जंग से डरा परिवार : भ्रष्ट, माफिया खौफ में..!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी तो निश्चित ही दमदार है. प्रमाण है कि मोदी की भ्रष्टाचार विरोधी नीति से अनेक भ्रष्टाचारी खौफ में हैं तो योगी की ' राम नाम सत्य ' करने की नीति से अपराधी - माफिया भी खौफ में हैं .मोदी योगी की जोड़ी इसलिए भी दमदार है कि वर्षों तक अमेठी, रायबरेली सीट को जीतने वाला कांग्रेस का गांधी परिवार चुनावी जंग से बेहद डरा हुआ लग रहा है, प्रमाण है प्रत्याशी ही घोषित नहीं होना. वैसे बीजेपी के पास मजबूत प्रत्याशी हैं और वह टक्कर में तुरंत उतार देगी पर कांग्रेस से कोई आए तो सही.खैर मोदी ने तीसरी बार सरकार बनने पर जो लक्ष्य रखें हैं उनमें भ्रष्टाचार पर और अधिक सख़्ती के अलावा सभी कोर्ट में लंबित 5 करोड़ मुकदमों को 1 करोड़ पर भी लाना है और यह होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि जल्दी फैसलों के अभाव में समाज में अपराधी कम नहीं हो पा रहे हैं,जेल जाएंगे तभी तो समाज से दूर रहेंगे, लेकिन केस वर्षों से चल रहे हैं और अनेक सबूत के अभाव में बरी भी हो जाते हैं फिर चाहे वे भू माफिया, हत्यारे, बलात्कारी, मिलावटखोर, सूदखोर, चोर, डकैत आदि कोई भी हों, कोर्ट में केस सालों तक चलते हैं, वकील अपना काम करते हैं और सबूत मिलते हैं तभी जज फैसला करते हैं ..! खैर यूपी के सहारनपुर में मोदी ने अपनी सभा में संकेत दे दिए कि दो फ्लॉप लड़कों की फिल्म फिर रिलीज हुई है, जिनमें एक डरा हुआ है और दूजा बार बार प्रत्याशी बदल रहा है ऐसे में इनके मुकाबले यूपी की 80 सीटों में अधिकतम जीतना कोई मुश्किल नहीं है, कांग्रेस, सपा बसपा को कुछ मिल सकती हैं ..!

राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया, जोस का शतक विराट पर रहा हावी

नई दिल्ली ■

आईपीएल 2024 के 19वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। मुकाबले में राजस्थान को जीत के लिए 189 रनों का लक्ष्य मिला था। जिसे उसने 19.1 ओवर में हासिल कर लिया। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार चौथी जीत है। वह केकेआर को पछाड़ कर अंक तालिका में पहले पायदान पर पहुंच गई है। बेंगलुरु की पांच मैचों में यह चौथी हार है।

जोस बटलर ने आखिरी ओवर डालने आए कैमरन ग्रीन की पहली गेंद पर छक्का जमाते हुए टीम को जीत दिलाई। साथ ही 58 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। बेंगलुरु से विराट कोहली ने सीजन का पहला शतक लगाया। उन्होंने 73 गेंद पर 113 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी को फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली के बीच शतकीय साझेदारी हुई। प्लेसिस ने दो चौके और इतने ही छक्के लगाकर 44 रन बनाए। आक्रामक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला इस मैच में भी खामोश रहा। वह सिर्फ 3 रन बना सके। नांद्रे बर्गर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। कैमरन ग्रीन ने भी कोई खास योगदान नहीं दिया।

न्यूज ब्रीफ

एक लाख कर बकाया होने पर बस एवं बिना फिटनेस के संचालित चार वाहन जब्त

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहनों के फिटनेश, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे हैं। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर ल्ऱफ्ढ नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। स्कूल वाहनों की विशेष चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। बच्चों, पालकों से चालक-परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। कार्यवाही निरन्तर जारी है। आदर्श आचार संहिता के बारे में वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। उल्लंघन करने वाले विभिन्न वाहनों पर कार्यवाही की गई। वाहनों पर अवैधानिक रूप से लगे राजनीतिक चिन्ह वाले बेनर पोस्टर को भी हटवाया गया। अनाधिकृत रुप से हूटर लगे वाहनों पर कार्यवाही की गई। इसी दौरान विभिन्न यात्री बस एवं स्कूली वाहनों पर परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की गई। एक बस जिस पर 1 लाख रुपए कर बकाया था, दो माल वाहक तथा दो सिटी मैजिक बिना फिटनेस के संचालित होने पर जब्त किए गए। इसी दौरान 40 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

प्रदेशभर के सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 25 लाख विद्यार्थियों को परिणाम का इंतजार

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। प्रदेश के पांचवी व आठवीं की कर बोर्ड परीक्षा का परिणाम 10 से 15 अप्रैल के बीच में घोषित होने की संभावना है। प्रदेशभर के सरकारी को व निजी स्कूलों के करीब 25 लाख दो विद्यार्थी परिणाम के इंतजार में है। यह परिणाम एक अप्रैल को आना चांद था, किंतु अब तक 70 प्रतिशत कतर उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन को का कार्य पूरा हुआ है। मूल्यांकन 14 कार्य 31 मार्च तक समाप्त करना वार था। वहीं शिक्षक मूल्यांकन केंद्र शुरू नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम नहीं पूरा हो पा रहा है। ऐसे में अब तक अप्रैल के पहले सप्ताह में रिजल्ट आना बहुत मुश्किल लग रहा है। अभी विद्यार्थियों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। राज्य शिक्षा केंद्र ने जो समय-सारिणी तय किया था, उसके हिसाब से अप्रैल के पहले सप्ताह में पांचवीं व आठवीं का परिणाम आना था, लेकिन अब तक 30 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं को जांचना है।

छात्रों के गुट भिड़े, हथियारों से हमला, एक गंभीर, चार पर केस दर्ज, अभाविप के कार्यकर्ता को भी पीटा

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। इंदौर के प्रेस्टिज कॉलेज में छात्रों के दो गुट में हुई मारपीट में एक छात्र गंभीर हो गया है। घटना कालेज के वार्षिक उत्सव के दौरान हुई। घटना के बाद सभी कार्यक्रम भी स्थगित कर दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि कई छात्र घायल हुए हैं। घटना शुक्रवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान मुख्य आरोपी आदित्य चौधरी उसके दोस्त नीलेश और ऋतिक चौधरी ने अपने साथियों के साथ धारदार हथियारों से आदित्य सिंह और उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। इस मारपीट में आदित्य सिंह की आंख में चोट आई है और उसके दोस्त छवि यादव को सिर पर गंभीर चोट आई है। इस मारपीट में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर सह मंत्री आमन शर्मा को भी आरोपियों ने पीटा है। विवाद के बाद शनिवार दोपहर अभाविप ने ज्ञापन दिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे और प्रदर्शन किया। खजराना टीआई सुजीत श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों के बीच मारपीट मामले में 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में जांच की जा रही है। जैसे-जैसे अन्य की पहचान होगी। आरोपियों की संख्या बढ़ जाएगी।

जिले में आधे से ज्यादा गेहूं खरीदी केंद्र बंद, किसान हितेषी सरकार का किसान विरोधी फैसला

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। इंदौर जिले में 20 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य चल रहा था लेकिन पिछले दो-तीन दिनों में जिस तरह से उच्च अधिकारियों द्वारा समिति प्रबंधकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया है कि अमानक स्तर का गेहूं नहीं खरीदा जाए अगर खरीदी की जाती है इसके लिए व्यक्तिगत समिति प्रबंधक जिम्मेदार होंगे और आपके खिलाफ वसूली एवं एफआईआर दर्ज की जाएगी जिससे समिति प्रबंधको में भय का वातावरण बना हुआ है। 3 अप्रेल से पहले जो खरीदी की गई है है गेहूं की उसे अमानक बताकर स्टेक को रिजेक्ट किया जा रहा है जो स्टेक रिजेक्ट किए गए हैं उन किसानों का भुगतान रुका हुआ है वह किसान सोसाइटियों के चक्कर लगा रहे हैं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता बबलू जाधव, रामस्वरूप मंत्री, शैलेंद्र पटेल चंदन सिंह बड़वाया आदि ने बताया कि प्रकृति के मार से ये गेहूं की फसल खराब हुई है ना तो किसानों को मुआवजा ना ही बीमा मिला है दूसरी और गेहूं खरीदी रोक देने व शासन के गलत निर्णय से किसान परेशान हो रहे हैं वही सरकार के 2700 रुपए कुंतल गेहूं खरीदी के वादे से मुकर जाने से किसानों में पहले ही आक्रोश है अब गेहूं खरीदी रोक देने से भी किसानों में जनप्रतिनिधियों एवं शासन के इस रवैया से भारी आक्रोश है नेताओं का कहना है कि किसानों के हित में जल्द से जल्द सही निर्णय लिया जाए अन्यथा किसान अब आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

इंदौर में बोले मप्र कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी- एक लाख का दावा झूठा, 336 लोग ही गए भाजपा में

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

भाजपा जब थोक में कांग्रेसियों को अपने पाले में लाने के दावे कर रही थी। उसी दौरान शनिवार को कांग्रेस ने राऊ क्षेत्र के कार्यकताओं का सम्मेलन कर ताकत दिखाने की कोशिश की। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ कुछ और बड़े नाम भी शामिल हुए। पटवारी ने भाजपा के दावे पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भाजपा झूठा प्रचार कर रही है। असल में एक लाख नहीं बल्कि सिर्फ 336 कांग्रेसी भाजपा में शामिल हुए हैं। सभी के नामों की सूची मेरे पास है।

कांग्रेस ने चुनावी तैयारी और संगठन में कसावट की गरज से विधानसभावार बैठकों का सिलसिला शुरू किया है। शनिवार को आयोजित बैठक राऊ क्षेत्र की थी और यह जीतू पटवारी का क्षेत्र है। ऐसे में ताकत दिखाने की कोशिश की गई। लोकसभा प्रत्याशी अक्षय बम के साथ पूर्व मंत्री सचिन यादव, लोकसभा प्रभारी विपिन वानखेड़े, शहर अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा भी बैठक में शामिल हुए।

लाड़ली बहना योजना की चुनाव के बाद की गारंटी नहीं

पटवारी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने लाड़ली बहन योजना के नाम पर लोगों से वोट लिए। लोकसभा चुनाव तक ही बहनों के खातों में पैसा आएगा उसके बाद की गारंटी नहीं है। जबकि कांग्रेस कमेटी ने अपने घोषणा पत्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर महिलाओं को अगले पांच साल तक सहायता राशि देने का वादा किया है। कांग्रेस के कार्यकर्ता को अब लोगों के सामने सच लाना होगा कि किस तरह महंगाई और झूठ प्रलोभन के जरिए भाजपा आपका वोट हथियाना चाहती है। पटवारी ने किसानों के विरोध से लेकर बिजली के बिल और पेट्रोल के दामों तक पर भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश करते हुए निशाना साधा।

मुद्दे अब खत्म हो गए

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि दो दिन पहले भाजपा ने इस बात का दावा किया था कि उनके स्थापना दिवस पर कांग्रेस से भाजपा में प्रदेशभर से एक लाख लोग शामिल होंगे। असलियत यह है कि पिछले दो महीने में छोटे-बड़े तक नेताओं में सिर्फ 336 ही ऐसे हैं जिन्होंने अब तक दबाव, प्रभाव और लालच में आकर पार्टी बदली है। भाजपा के पास जितने मुद्दे थे, अब खत्म हो गए हैं। झूठ के सहारे वापस सरकार में आना चाहती है।

किसान अपने हक और अधिकार के लिए नहीं लड़ सकता

बैठक में जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार थी तब किसानों के लिए भूमि अधिग्रहण बिल कांग्रेस सरकार लाई थी, लेकिन जैसे ही मोदीजी आए उसे खत्म कर दिया गया। किसान अपने हक और अधिकार के लिए यदि दिल्ली में आंदोलन करता है तो उसे आतंकवादी जैसी उपमाएं दे दी जाती है।

बायपास पर डीमार्ट के सामने अनियंत्रित कार ट्रक में घुसी

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

ब्लैक स्पॉट के चलते बायपास पर सड़क दुर्घटना जारी है कल आर्टिगा कार ओवरटेक करने में ट्रक में जा घुसी जिसमें ड्राइवर की हालत नाजुक है। बायपास पर सड़क दुर्घटना का आलम बरकरार है। कल बायपास स्तिथ डीमार्ट के पास आर्टिगा कार को ट्रक को ओवरटेक करना महंगा पड़ गया। कार अनियंत्रित हो कर ट्रक में जा घुसी घबराया ड्राइवर मौके से भाग निकला। जबकि कार चालक ड्राइवर की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षद्रशियों के मुताबिक कार सीएनजी थी जोरदार टक्कर के बाद ब्लास्ट हो सकती थी। राहगीरों ने तत्काल 108 पर सूचना कर घायलों को अस्पताल भेजा।

बहन से बात करने पर युवक के भाई की हत्या, परिजन ने नहीं किया अंतिम संस्कार

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर में दो युवकों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र की है। शुक्रवार देर रात यह हत्या हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि जिस युवक की हत्या हुई उसका भाई आरोपियों की बहन से बात करता था। इसी पर हत्या की गई।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक प्रकाश पेट्रोल पंप के पास करण कुशवाह और कन्हैया कुशवाह ने दुर्गेश सोलंकी की चाकू मारकर हत्या कर दी। दोस्त जयेश ने बताया की विकास, दुर्गेश व अन्य दोस्त सुरेश के यहां रात में बैठे थे। तभी सुरेश ने मूंगफली लाकर दे दी। सभी आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान करण और कन्हैया अंदर आए इसमें करण ने दुर्गेश से कहा कि तेरा भाई गौरव मेरी बहन से बहुत बात करता है। इसके बाद करण ने चाकू निकाला और दुर्गेश के सीने में मार दिया। कन्हैया ने भी चाकू निकालकर दुर्गेश पर वार किया। घटना के दौरान दोस्तों ने दुर्गेश को बचाने का प्रयास भी किया लेकिन वे बचा नहीं सके। कन्हैया ने ईंट उठाकर दोस्तों पर भी फेंकी जो सुरेश के सिर में लगी। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। बाद में सभी दोस्त दुर्गेश को बाइक से लाइफ केयर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने कहा कि हमने मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया है। जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी और आरोपियों के मकान तोड़े नहीं जाएंगे तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

आरएसएस चीफ की सुरक्षा में बड़ी चूक

भागवत के रवाना होने से पहले बुलेट लेकर प्लेटफार्म में घुस गया नशेड़ी

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

संघ प्रमुख मोहन भागवत कल इंदौर में थे रात 11 बजे गाँधी नगर ट्रेन से रवाना होने से पहले जीआरपी और आरपीएफ ने तमाम सुरक्षा बंदोबस्त किए हुए थे लेकिन भागवत की ट्रेन छूटने के चंद मिनटों पहले नशेड़ी युवक प्लेटफार्म 1 में बम फोड़ते हुए बुलेट लेकर घुस गया। जिसकी जीआरपी ने तलाश ली और उसे सलाखों में डाल दिया।

इंदौर में नशे में उत्पात करने वाले युवक अब रेलवे प्लेटफार्म तक भी जा पहुंचे है। कल आरएसएस चीफ मोहन भागवत इंदौर में थे। निजी बैठक में शामिल होने आए थे रात 11 बजे गांधी नगर ट्रेन से रवाना हो रहे थे। इससे पहले पुलिस ने चेकिंग के रेलवे स्टेशन पर कड़े बंदोबस्त कर रखे थे। प्लेटफार्म एक पर 30 से अधिक जीआरपी और सीआरपी के जवान तैनात थे। ट्रेन निकलने से कुछ ही मिनट पहले बुलेट से बम फोड़ते पार्सल ऑफिस की और से नशे में धुत्त युवक स्पीड में प्लेटफार्म में घुसा जो सीआरपी ऑफिस, प्लेटफार्म 1 का मेन गेट पार करते हुए जीआरपी थाने तक पहुंच गया यहां भीड़ में स्टंट करते हुए युवक तेजी से निकला था। तब ट्रेन के इंतजार में खड़ी भीड़ भी सहम गई जिसमें बच्चे भी शामिल थे। जीआरपी थाने पर ही युवक को 15 से अधिक पुलिसकर्मियों ने दबोच लिया। उसकी तलाशी ली गई और उसे सलाखों में बंद कर दिया गया। आखिर संघ प्रमुख की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कई तरह के सवाल जीआरपी और सीआरपी पर खड़े कर रही है।

कॉलोनी सेल में उपस्थित रहेंगे कार्यपालन यंत्री

इंदौर। कार्य की सुगमता को देखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के कॉलोनी सेल में लोक निर्माण विभाग, पीएचई और विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्रियों को सप्ताह में दो दिन उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। कॉलोनी सेल शाखा कलेक्टोरेट इन्दौर में कॉलोनी विकास अनुमति एवं कार्यपूर्णता प्रमाण-पत्र के आवेदनों में कार्यपालन यंत्री (लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 1 व 2 इन्दौर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इन्दौर, विद्युत वितरण कंपनी ग्रामीण व शहरी इन्दौर के द्वारा विकास अनुमति से संबंधित उनके कार्यक्षेत्र के विकास व्यय प्राक्कलन प्रतिवेदन एवं कार्यपूर्णता संबंधित मौका निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त किये जाते हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेशित किया है कि कार्यपालन यंत्री (लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 1 व 2 इन्दौर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इन्दौर, विद्युत वितरण कंपनी ग्रामीण व शहरी इन्दौर) सप्ताह में दो दिवस (सोमवार व गुरुवार) को समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि कॉलोनी सेल शाखा (प्रशासनिक संकुल कक्ष क्र. 208) में उपस्थित होकर कार्य संपादित करेंगे।

चोइथराम नेत्रालय कैंप में हुए ऑपरेशन के बाद आठ मरीजों के आंखों की रोशनी प्रभावित, ओटी सील

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर के चोइथराम नेत्रालय में आयोजित कैम्प में हुए 79 मरीजों के ऑपरेशन में से आठ मरीजों ने आंखों की रोशनी प्रभावित होने की शिकायत की है। आंखों में इंफेक्शन के कारण कम दिखाई देने की आशंका जताई जा रही है। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने जांच के लिए टीम गठित कर दी है।

उधर अंधत्व निवारण प्रभारी ने उस ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया है। जहां ऑपरेशन आयोजित किए जा रहे हैं। जिन मरीजों ने आंखों से कम दिखाई देने की शिकायत की है। उनकी आंखों का परीक्षण भी नेत्र चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है। चोइथराम नेत्रालय में कुछ दिनों पहले ऑपरेशन के लिए कैम्प आयोजित किया गया था। इसमें 79 मरीजों की आंखों के ऑपरेशन डॉक्टरों की टीम ने किए। सर्जरी के दो-तीन दिन बाद आठ मरीजों ने आंखों से कम दिखाई देने का जिक्र डॉक्टरों से किया। इसके बाद उनकी आंखों की फिर से जांच की गई और उनका फिर से इलाज शुरू किया गया। उधर मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने जांच के लिए कमेटी बनाई है। इसमें नेत्र चिकित्सक शामिल हैं ,जो रोशनी कम होने के कारणों का पता लगाएगी। आपको बता दें कि इंदौर में आठ साल पहले भी एक अन्य अस्पताल द्वारा आयोजित कैम्प में 30 से मरीजों की आंखों की रोशनी प्रभावित हुई थी।

दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत इंदौर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतू स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु दिव्यांगजनों द्वारा भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी के तहत संस्था महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ की दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्राएं शामिल हुईं।

गलतियों से सीखें और बने महान...

फिर भी जिंदगी हसीन है...

dreamsachieverspune@gmail.com

आईए दोस्तों, आज के लेख की शुरुआत एक ऐसे क़िस्से से करते हैं जो जीवन के प्रति हमारे नज़रिए को हमेशा के लिए बदल सकता है। बात कुछ वर्ष पूर्व की है, एक पत्रकार इंटरव्यू लेने के उद्देश्य से एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक के पास पहुँचे और उनसे उनकी सफलता का राज़ पूछते हुए बोले, 'महोदय, वैसे तो हम सभी आपकी योग्यता, आपकी कार्यशैली, आपकी उपलब्धियों आदि के विषय में सब कुछ जानते हैं। लेकिन फिर भी हम सब आपसे जानना चाहते हैं कि आपके जीवन में बदलाव की शुरुआत कैसे हुई थी?'

निर्मल भटनागर (एजुकेशनल कंसलटेंट एवं मोटिवेशनल स्पीकर)
ग्लोबल हेराल्ड

प्रश्न सुन वैज्ञानिक मुस्कुराए और बोले, 'बचपन में माँ ने मुझे जीवन के प्रति सही नज़रिया रखना सिखाया था। उसी नज़रिए ने मुझे जीवन में सफल या यूँ कहूँ जैसा भी; जहाँ भी आज मैं हूँ, वैसा बनाया।' वैज्ञानिक की बात पूरी होते ही पत्रकार ने अगला प्रश्न करते हुए कहा, 'क्या आप हमें इस विषय में विस्तार से बता सकते हैं।' एक पल सोचने के पश्चात वैज्ञानिक बोले, 'मुझे लगता है इसकी शुरुआत 4-5 वर्ष की उम्र में मिले एक अनुभव से हुई। एक बार मैं फ्रिज में से दूध की बोतल निकालने का प्रयास कर रहा था, तभी वह बोतल मेरे हाथ से फिसल कर नीचे गिर गई और उसका सारा दूध फ़र्श पर फैल गया। बोतल गिरने की आवाज़ सुनते ही मेरी माँ रसोई में आई और मेरे द्वारा फैलाई गई गंदगी देख कर मुझ पर चिल्लाने, मुझे समझाने या भाषण देने के स्थान पर मुस्कुराते हुए बोली, 'रॉबी, मैंने दूध का ऐसा घना तालाब शायद ही कभी देखा हो। अब हमें इस साफ़ करना होगा। लेकिन क्या तुम साफ़ करने के पहले इसमें कुछ देर खेलना चाहोगे? क्योंकि जो नुक़सान होना था, वह तो अब हो चुका है।' मैं मन ही मन डाँट खाने के लिए तैयार था लेकिन आशा के विपरीत माँ की बात सुन खुश हो गया और मैंने उस दूध के साथ खेलना शुरू कर दिया। खेलते-खेलते कब 5-10 मिनिट हो गये मुझे पता ही नहीं चला। थोड़ी देर में मेरी माँ वापस आई और बोली, 'क्या तुम जानते हो जब भी इस तरह गंदगी फैलती है तो अंततः उसे हमें ही साफ़ करना होता है और वापस से सभी चीजों को व्यवस्थित तरीक़े से जमा कर रखना होता है और अब हमें ऐसा ही करना होगा। हम इसके लिए तौलिये, स्पंज या फिर पोछे का इस्तेमाल कर सकते हैं। तुम इसमें से किसका इस्तेमाल कर इसे साफ़ करने में मदद करोगे?' मैंने एक स्पंज चुना और और अपनी माँ की सहायता से गिरे हुए दूध को साफ़ करने लगा।' एक पल की शांति के बाद वैज्ञानिक ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा, 'कुछ मिनिटों बाद मेरी माँ मुझसे बोली, 'चलो अब हम एक नया प्रयोग करते हैं और सीखते हैं कि दोनों हाथों के प्रयोग से हम किस तरह प्रभावी ढंग से बोतल को उठा सकते हैं।' इसके बाद मुझे माँ घर के पिछले हिस्से में बने बगीचे में ले गई और दूध के बोतल के आकार की बोतल में पानी भरकर देते हुए बोली, 'चलो अब हम देखते हैं कि क्या तुम इसे बिना गिराए एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का कोई तरीक़ा खोज सकते हो?' इस तरह मैंने कई प्रयासों के बाद सीखा कि अगर मैं बोतल को दोनों हाथों से, ऊपर से पकड़ लूँ तो मैं इसे बिना गिराए ले जा सकता हूँ।' साक्षात्कार के दौरान पूछे गए प्रश्न के जवाब के अंत में वैज्ञानिक बोले, 'यह वह समय था जब मुझे पता लगा कि मुझे गलतियाँ करने से डरने की ज़रूरत नहीं है। इसके बजाय, मैंने सीखा कि गलतियाँ, कुछ नया सीखने का अवसर मात्र होती हैं और यही वैज्ञानिक प्रयोग हैं। भले ही मेरा कोई वैज्ञानिक प्रयोग असफल हो जाये, मैं आमतौर पर उससे कुछ ना कुछ मूल्यवान सीखता ही हूँ।' बात तो दोस्तों, उस वैज्ञानिक की एकदम सही और जीवन को बदलने वाली थी। अगर हम जीवन में घटने वाली घटनाओं को स्वीकार करने की कला सीख जाएँ, तो हम ग़लतियों से सीखना शुरू कर देंगे। अर्थात् हमें विपरीत परिस्थितियों के दौरान व्यथित और विचलित होने के स्थान पर लगातार एडजस्ट करना याने समायोजन करना सीखना होगा। इसके लिए हमेशा याद रखियेगा, हम में से कोई भी परिपूर्ण नहीं है। हम सब में कुछ ना कुछ कमियाँ हैं और इसीलिए हम एक दूसरे की कमियाँ निकाल कर टकराते रहते हैं। लेकिन दोस्तों, अगर आप वाक़ई अपने जीवन में कुछ बड़ा करना चाहते हैं तो आपको इस टकराव को टालना होगा और दूसरों की ग़लतियों पर ध्यान देने के स्थान पर खुद की ग़लतियों को पहचान कर उन्हें दूर करना होगा। याद रखियेगा सफलता का एक ही मंत्र है, 'ग़लतियाँ करो, एक नहीं हज़ार करो पर उनसे सीखो और कोशिश करो कि उन्हें कभी दोहराओ नहीं।' क्योंकि जीवन में पूर्णता दूसरों की ग़लतियाँ निकालने से नहीं अपितु खुद को पूर्ण बनाने से मिलेगी।

सहजयोग एक संस्कृति का नाम है जो दिव्य व सनातन है

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

सहजयोग परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा संस्थापित एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मानव, धर्म की सत्यता व वास्तविकता से परिचित होता है। सहजयोग कोई संस्था या संगठन नहीं वरन् एक संस्कृति का नाम है। श्री माताजी ने स्वयं इसका वर्णन अपनी पुस्तक 'सहजयोग' में किया है। श्री माताजी के अनुसार, सहजयोग को समझने की एकमात्र विधि यह है कि, नम्र जिज्ञासु बनकर व्यक्ति आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करे। आत्म साक्षात्कार के पश्चात यदि व्यक्ति सत्यता से सहज मार्ग को अपनाता है तो स्वयं हमारी कुंडलिनी शक्ति ही हमें सहज संस्कृति में प्रतिस्थापित करती जाती है। उसके लिए हमें अलग से कोई प्रयत्न नहीं करना होता जब मनुष्य आत्मा के ज्ञान को प्राप्त कर लेता है तब उसकी कुंडलिनी शक्ति की जागृति होती है तो वह स्वयं ही भौतिकता से परे हो जाता है। झूठ, बेईमानी, लोभ, मोह आदि अवगुण स्वयं ही उसका साथ छोड़ देते हैं। चरित्र में नैतिकता का गुण सहजयोगियों की पहचान बन जाता है। सहज व्यक्ति सदैव ही भयमुक्त, चिंतामुक्त, आनंद में मग्न रहता है क्योंकि आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने के साथ ही वह परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश कर लेता है जहां प्रत्येक व्यक्ति तृप्त व संतुष्ट होता है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इसमें आप सांसारिक जीवन में रहकर सन्यास भाव को प्राप्त कर लेते हैं तथा प्रत्येक उतार-चढ़ाव के प्रति साक्षी स्वरूप हो जाते हैं सहज संस्कृति में व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कमी अपने जीवन में महसूस नहीं होती। किसी से कुछ पाने की लालसा समाप्त हो जाती है तथा देने का भाव जागृत होता है। निश्चित ही संसार में रहते हुए हर कार्य में धन की आवश्यकता होती है इसके लिए स्वयं श्री माताजी ने कहा है, कृपया याद रखिए कि हम परमात्मा के साम्राज्य में हैं और यह नागरिकता आपकी हर आवश्यकता को पूर्ण करती है हर वक्त आप इसका अनुभव करेंगे सहज योग का कार्य करने के लिए जब भी आप प्रयत्नशील होंगे किसी भी प्रकार से आपको साधनों की उपलब्धता हो जाएगी। परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं कि आप कर्मठता को छोड़ दें श्री माताजी के अनुसार सहजयोगी आलसी, कंजूस अथवा वैभव का प्रदर्शन करने वाले नहीं होते। वह अत्यंत विनम्र, प्रेममय तथा सभी का मान करने वाले होते हैं श्री माताजी के शब्दों में सहज योगी का हृदय गुलाबी रंग के कमल सा होना चाहिए जिसमें अतिथि सत्कार, माधुर्य तथा आनंदमय स्वभाव छलक पड़े।

चलती गाड़ी से गिरने पर अधेड़ की मौत

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। अधेड़ की चलती गाड़ी से गिरने पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस के मुताबिक, बापू गांधी नगर निवासी 42 साल का तुकाराम लोडिंग गाड़ी से जा रहा था। गिरने से घायल हो गया था। स्वजन ने गंभीर अवस्था में अस्पताल भिजवाया लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

न्यूज ब्रीफ

बैंकों से असामान्य एवं संदेहजनक राशि के लेन-देन की जानकारी देना अनिवार्य

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बैंको से होने वाले संदेहास्पद लेन-देन की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय और नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण को देना अनिवार्य है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने हेतु आयोग के निदेर्शानुसार बैंकों से असामान्य एवं संदेहजनक राशि के लेन-देन की जानकारी देना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में लीड बैंक मैनेजर और प्रबंधक संभागीय भारतीय जीवन बीमा निगम को निर्देशित किया गया है कि निर्वाचन अवधि के दौरान बैंकों से एक लाख रुपए से अधिक की असामान्य एवं संदेहजनक राशि की निकासी या बैंक खाते में जमा करने संबंधी जानकारी, एक बैंक खाते से विभिन्न व्यक्तियों के खाते में राशि का असामान्य रूप से अंतरण, अभ्यर्थियों या उनकी पत्नी या उनके आश्रितों, जैसा कि अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये शपथ पत्र में उल्लेखित है और जो मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाईट पर उपलब्ध है, के बैंक खाते में एक लाख रुपए से अधिक की नकद राशि जमा करना या निकालना, राजनैतिक दल के खाते से एक लाख से अधिक की नकद राशि की निकासी या जमा करने की जानकारी, अन्य कोई संदेहजनक नकद लेन-देन, जिसे निर्वाचकों को रिश्वत देने के लिए प्रयोग किया जा सकता है, साथ ही संव्यवहार राशि 10 लाख रुपए से अधिक हो, तो उसकी जानकारी आयकर विभाग को दी जाना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण को प्रतिदिन भेजने के निर्देश दिए गये हैं।

इंदौर में क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निर्धारण सेक्टर अधिकारियों ने भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निदेर्शानुसार इंदौर ज़िले में क्रिटिकल मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। सेक्टर अधिकारियों ने प्रत्येक ऐसे मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लिया है। निरीक्षण टीप निर्वाचन आयोग को निर्धारित प्रपत्र में भेजी जा रही है। उल्लेखनीय है कि ज़िले में कुल 2677 मतदान केंद्र हैं, जिनमें क्रिटिकल केन्द्रों की संख्या 496 है। विधानसभा क्षेत्र इंदौर एक में कुल मतदान केन्द्र 330 तथा क्रिटीकल मतदान केन्द्र 36 हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र इंदौर-2 में कुल मतदान केन्द्र 314 तथा क्रिटीकल मतदान केन्द्र 34, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-3 में कुल मतदान केन्द्र 194 तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्र 48, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4 में कुल मतदान केन्द्र 215 तथा क्रिटीकल मतदान केन्द्र 66, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-5 में कुल मतदान केन्द्र 391 तथा क्रिटीकल मतदान केन्द्र 62, विधानसभा क्षेत्र डॉ अम्बेडकर नगर महू में कुल मतदान केन्द्र 280 तथा क्रिटीकल मतदान केन्द्र 60, विधानसभा क्षेत्र राऊ में कुल मतदान केन्द्र 344 तथा क्रिटीकल मतदान केन्द्र 62, विधानसभा क्षेत्र सांवेर में कुल मतदान केन्द्र 324 तथा क्रिटीकल मतदान केन्द्र 48, तथा विधानसभा क्षेत्र देपालपुर में कुल मतदान केन्द्र 285 तथा क्रिटीकल मतदान केन्द्र की संख्या 80 हैं।

मोबाइल चलाने से रोका तो बेटी घर में छोड़ गई सुसाइड नोट, पुलिस ने फ्रेंड की मदद से ढूंढ निकाला

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। माता-पिता की डांट से नाराज नाबालिग लड़की ने घर छोड़ दिया। पुलिस ने एक छात्रा की मदद ली और लड़की को ढूंढ लिया। नाराज लड़की ने चिट्ठी लिखकर आत्महत्या की धमकी दी थी। जोन-2 के डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने मददगार छात्रा का सम्मान किया है। एमआइजी टीआइ मनीष लोधा के मुताबिक, क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग लड़की शुक्रवार को लापता हुई थी। स्वजन ने बताया कि ज्यादा मोबाइल चलाने और दिनभर फोन पर बतियाने पर उसे डांटा था। बच्ची घर से जाने के पहले पत्र लिखकर गई है। उसने लिखा कि अब कभी नहीं लौटेगी। उसे ढूंढने के प्रयास भी नहीं किए जाए। टीआइ के मुताबिक, पुलिस ने लड़की के मोबाइल की कॉल डिटेल निकाली तो पता चला कि उसने परिचित रानू धनगर को फोन किया था। रानू ने बताया कि सहेली ने जन्मदिन पर बधाई देने के लिए बात की थी। घर से जाने के बाद कोई संपर्क नहीं हुआ। शनिवार सुबह पुनः रानू के पास फोन आया तो उसने तुरंत पुलिस को खबर कर दी। लड़की ने यह फोन बाणगंगा थाना क्षेत्र से किया था। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन निकाली और लड़की को बरामद कर लिया।

बीएड सेकंड सेमेस्टर का रिव्यू रिजल्ट अटका, परीक्षा के लिए देना होगा शपथ पत्र

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में परीक्षा और रिजल्ट का ढर्रा बेपटरी हो चुकी है। बीएड सेकंड सेमेस्टर का रिव्यू रिजल्ट रुका हुआ है। पांच महीने से विद्यार्थी परेशान हो रहे है। इस वजह से इनकी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा अभी तक आयोजित नहीं हुई है। छात्र-छात्राओं की समस्या को देखते हुए विश्वविद्यालय ने बीच का रास्ता निकाला है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीसरे सेमेस्टर की अप्रैल में परीक्षा करवाना का निर्णय लिया है। साथ ही उन विद्यार्थियों से शपथ पत्र भरने को कहा है, जिन्होंने सेकंड सेमेस्टर में रिव्यू के लिए आवेदन कर रखा है। हालांकि अधिकारियों के मुताबिक विद्यार्थियों को अगले कुछ दिनों में परीक्षा फार्म भरना होगा। वैसे परीक्षा 20 अप्रैल बाद करवाई जाएगी। दरअसल बीएड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा अगस्त में करवाई थी। रिजल्ट अक्टूबर में जारी हुआ था, जिसमें एक या दो विषय में फेल विद्यार्थियों ने रिव्यू के लिए आवेदन किया था। मगर अभी तक विश्वविद्यालय इन की कापियां जांचकर रिजल्ट जारी नहीं कर पाया है। करीब एक हजार छात्र-छात्राएं रिव्यू रिजल्ट का इंतजार करने में लगे है। लेटलतीफी के चलते जनवरी में होने वाली तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा ढ़ाई महीने पिछड़ चुकी है। अब विश्वविद्यालय ने बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा करवाने का फैसला लिया है। अगले कुछ दिनों में तारीख घोषित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि दूसरे सेमेस्टर के रिव्यू रिजल्ट का इंतजार कर रहे विद्यार्थी शपथ पत्र भरकर परीक्षा में बैठ सकते है। उसके बाद ये छात्र-छात्राएं तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा में आवेदन कर सकते है। वे बताते है कि सेकंड सेमेस्टर का रिव्यू रिजल्ट मई तक निकालेंगे।

शा. अस्पतालों में चिकित्सकों को अब एक क्लिक पर मिलेगी रोगियों की जानकारी

एमजीएम मेडिकल कालेज में नए साफ्टवेयर का दिया गया प्रशिक्षण, जांच रिपोर्ट रोगियों के साथ ही चिकित्सकों तक भी पहुंचेगी

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

एमजीएम मेडिकल कालेज में ई-लर्निंग साफ्टवेयर की जगह हास्पिटल मैनेजमेंट इंफार्मेशन साफ्टवेयर संचालित किया जाएगा। इसमें अब चिकित्सकों को एक क्लिक पर ही रोगियों की संपूर्ण जानकारी मिल सकेगी। इसके लिए हाल ही में सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में डाक्टर सहित अन्य स्टाफ को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अभी इसकी डेमो आइडी स्टाफ को दे दी गई है।

अब तक जांच की रिपोर्ट सिर्फ रोगियों को ही फोन पर उपलब्ध होती थी, लेकिन अब डाक्टर के पास जाने के साथ ही रिकार्ड में भी होगी। इससे मरीज को अपनी पुरानी रिपोर्ट भी साथ नहीं लानी होगी। साफ्टवेयर से एमवाय अस्पताल, सुपर स्पेशिएलिटी, शासकीय कैंसर अस्पताल, स्कूल आफ एक्सीलेंस फार आई, मानसिक चिकित्सालय, एमटीएच, मनोरमा राजे टीबी अस्पताल और चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय को जोड़ा गया है।

रोगियों के ओपीडी, आइपीडी का भी होगा रिकार्ड

इस साफ्टवेयर में रोगियों के ओपीडी, आइपीडी रिकार्ड की भी जानकारी जुड़ जाएगी, ताकि चिकित्सकों को पता चल सकेगा कि यह मरीज कितनी बार दिखाने आया है और कितनी बार भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी है। इससे यह भी जानकारी मिल पाएगी कि किस डाक्टर की ड्यूटी किस समय कहां लगी हुई है। अस्पताल में कितने मरीज भर्ती हैं और कितने बिस्तर खाली हैं।

यह जानकारी भी साफ्टवेयर के माध्यम से उपलब्ध हो सकेगी। इससे रोगियों के साथ ही चिकित्सकों को भी सुविधाएं मिलने लगेंगी। साफ्टवेयर संचालित करने की ट्रेनिंग डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, कम्प्यूटर्स आपरेटर, मेडिसिन स्टोर, लैब टेक्नीशियन, रिकार्ड स्टाफ, बिलिंग स्टाफ आदि को दी गई है।

एक नजर में

- 08 अस्पतालों को जोड़ा साफ्टवेयर से
- 03 दिन चली डाक्टरों और स्टाफ की ट्रेनिंग
- सभी विभागों को जोड़ा साफ्टवेयर से
- हर वर्ष लाखों मरीज आते हैं एमजीएम से जुड़े अस्पतालों में
- बेड की उपलब्धता की जानकारी मिलेगी साफ्टवेयर से

स्टोर में दवाई की स्थिति भी साफ्टवेयर में होगी

साफ्टवेयर में अस्पताल के स्टोर में मौजूद दवाइयों की स्थिति का भी रिकार्ड होगा। इससे यह पता चल सकेगा कि किस दवाई का उपयोग अधिक हो रहा है, किस दवाई की आवश्यकता है। साथ ही किन दवाइयों की आवश्यकता है, वह भी जानकारी इसमें उपलब्ध होगी। वर्तमान में कई बार रोगियों को दवाइयां नहीं मिलने की समस्या आती रहती है, लेकिन साफ्टवेयर के बाद इस समस्या से भी निजात मिलने लगेगा। बता दें कि अस्पतालों को हाइटेक बनाने के लिए यह साफ्टवेयर संचालित किया जा रहा है।

नए हास्पिटल मैनेजमेंट इम्फर्मेशन साफ्टवेयर के लिए चिकित्सकों की ट्रेनिंग पूरी हो गई है। इसमें अब रोगियों के साथ ही विभागों की जानकारी भी जुड़ जाएगी। इससे अब एक क्लिक पर ही रोगियों और चिकित्सकों सहित अन्य जानकारी मिल सकेगी। रोगियों के साथ ही चिकित्सकों को भी जांच रिपोर्ट मिलेगी। वर्तमान में डेमो आइडी स्टाफ को दे दी गई है।

- डा. यामिनी गुप्ता, अध्यक्ष, नाक-कान-गला रोग विभाग

ढाबे और टोल नाके पर लगे सीसीटीवी से पकड़ाया महिला और बेटी को कुचलने वाला ड्राइवर

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

बुधवार को बायपास पर मां-बेटी को कुचलकर भागने वाला ड्राइवर पकड़ा गया है। सेज यूनिवर्सिटी के सामने हुई घटना में ट्राले ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी थी जिसमें मां और बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी और पिता गंभीर हो गए थे। फरार ड्राइवर को राऊ पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी ड्राइवर ने तेज और लापरवाही पूर्वक ट्राला चलाकर यह हादसा किया था।

क्या हुई थी घटना

नावदा पंथ निवासी करण सिंह चौहान अपनी पत्नी छाया व 17 वर्षीय बेटी दिव्यांशी के साथ अपनी

मोटरसाइकिल से ओंकारेश्वर दर्शन के लिए जा रहे थे। सुबह करीब 7:30 बजे सेज यूनिवर्सिटी के सामने बायपास रोड ब्रिज पर पहुंचे और पीछे से तेज गति से लापरवाही पूर्वक आ रहे ट्राले ने करण सिंह की मोटर साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे करण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी पत्नी छाया व बेटी दिव्यांशी की मौके पर ही मृत्यु हो गई हो गई। घायल एवं मृतकों को एंबुलेंस से तत्काल एमवायएच इंदौर भेजा गया बाद में थाना राऊ ने जांच शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज से पकड़ा

पुलिस उपायुक्त जोन-01 विनोद कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-01 आलोक शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त गांधीनगर रूबीना मिजवानी ने थाना प्रभारी राऊ को तत्काल टीम गठित कर फरार ट्राला चालक को पकड़ने के लिए कहा। पुलिस टीम ने ट्राला चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 249/ 24 धारा 304 ए भादवि का पंजीबद्ध किया और बायपास रोड पर होटल, ढाबे, पेट्रोल पंप एवं टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया। इसके साथ मुखबिर तंत्र से भी सूचनाएं मिली। इन सभी के आधार पर आरोपी राहुल पिता सखाराम मुवेल उम्र 24 साल निवासी कालीकराई थाना धरमपुरी जिला धार को गिरफ़्तार कर ट्राला क्रमांक GJ12BT0580 को 48 घंटे के अंदर जप्त किया गया।

मतदाता जागरूकता हेतु वोटिंग मशाल वॉक आयोजित

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत शनिवार की शाम को मतदाता जागरूकता हेतु वोटिंग मशाल वॉक का आयोजन किया गया। यह मशाल वॉक नेहरू पार्क से प्रारंभ होकर गांधी हॉल तक समाप्त हुई। इस वोटिंग मशाल वॉक में स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह सहित स्मार्ट सिटी तथा नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

वो बुलाती हैं मगर जाने का नहीं...! 2 लड़कियों समेत तीन गिरफ्तार

इंदौर। वो बुलाती है मगर जाने का नहीं..ये लाइन आपने अक्सर सुनी होगी लेकिन ऐसा क्यों कहते हैं इस बात को आप इस मामले से अच्छी तरह से समझ सकते हैं। मामला इंदौर का है जहां पुलिस ने दो युवतियों और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। जबकि इनके दो साथी अभी भी फरार हैं जो लोगों को सुनसान जगह बुलाकर उन्हें डरा धमकाकर उनसे पैसे ऐंठ लेते थे। पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दो युवतियों के साथ 1 एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। युवतियां काफी शातिर हैं जो अपने साथियों के साथ मिलकर पूरी प्लानिंग के साथ वारदातों को अंजाम दे रही थीं। युवतियां पहले तो युवाओं या फिर बुजुर्गों को सुनसान जगह पर एंजॉय करने के बहाने बुलाती थीं और फिर वहां पर अपने साथियों के साथ मिलकर उनसे डरा धमकाकर पैसे ऐंठ लेती थीं। बीते दिनों एक किराना कारोबारी को भी इस गैंग ने अपना शिकार बनाया था जिसकी शिकायत कारोबारी ने पुलिस में दर्ज कराई थी।

महू क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

भारी मात्रा में कच्ची हाथभट्टी मदिरा जप्त - महुआ लहान बरामद कर मौके पर किया गया नष्ट

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री मनीष खरे के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री रामचरण डाबर के मार्गदर्शन में शनिवार को वृत महू अ एवं महू ब के बल द्वारा महू के भोंडिया तालाब, महू गांव, तलाई नाका,आंबा चन्दन, पत्थरनाला आदि क्षेत्रों में दबिश देकर झाड़ियों एवं गड्ढों में प्लास्टिक के ड्रमों में भरकर छिपा कर रखी गई भारी मात्रा में कच्ची हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई। चलित भट्टियों को तहस नहस किया गया। मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क एवं च के 23

प्रकरण कायम कर 390 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा एवं लगभग 5700 किग्रा महुआ लहान बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। जप्त समस्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 6 लाख 48 हजार रुपए है। उक्त कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक श्री भगवान दास अहिरवार व अमर सिंह बघेल के द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी आरक्षक ओमप्रकाश राठौर, सावन सिसोदिया,अजय चंद्रवाल, मोहित रैकवार व विवेक कनाडे उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गत शुक्रवार को जिले के विभिन्न वृत्तों में की गयी कार्यवाही में कुल 26 स्थानों पर छापा मारकर आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कुल 25 प्रकरण दर्ज कर 355 लीटर मदिरा जप्त की गई और 1970 किग्रा महुआ लहान जप्त कर मौके पर नष्ट किया गया। जप्त समस्त सामग्री की कीमत 2.82 लाख रुपए है।

दिल्ली क्राइम फेम शेफाली शाह बोली...

बेटों का सही पालन-पोषण करिए ताकि बेटियां अपने-आप सुरक्षित हो जाएं

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

दिल्ली क्राइम, थ्री आफ अस, गांधी माय फादर जैसी चर्चित वेब सीरीज और कई फिल्मों में अभिनय कर चुकीं ख्यात अभिनेत्री शेफाली शाह इन दिनों काफी चर्चा में हैं। शेफाली ने ओटीटी प्लेटफार्म पर आने के बाद से कई अवार्ड्स भी अपने नाम किए हैं। उन्हें द लास्ट लीयर के लिए बेस्ट सपोर्टिंग रोल के राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ अन्य सम्मान भी मिले हैं।

शुक्रवार को शेफाली पहली बार इंदौर आईं। यहां वे अभ्युदय संस्था की वार्षिक साधारण मीटिंग में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। अपने अभिनय को लेकर उन्होंने कहा कि कोई भी सीन करते वक्त आप जो महसूस करते हैं, जो बोलते हैं, वो आंखों में और चेहरे पर नजर आना चाहिए। मैं इस चीज को बड़े साधारण तरीके से करती हूं। शायद इसीलिए मेरी आंखों

में अभिनय ज्यादा नजर आता है और निर्देशक भी यही चाहते हैं कि आपके भाव सही से निखरकर आएं। मौन शब्दों से अधिक मजबूती से काम करता है। होटल द पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शेफाली ने चर्चा करते हुए कहा कि मैं हर तरह के किरदार करना चाहती हूं। मैं बहुत लालची एक्ट्रेस हूं। मैंने खुद के लिए कुछ तय नहीं किया, बल्कि हर किरदार को बेहतर ढंग से निभाना चाहती हूं। ओटीटी की वजह से आज तमाम लोगों को काम मिल रहा है।

इंदौर जिले के नौ पोलिंग बूथों पर दिव्यांग कर्मचारी संभालेंगे जिम्मेदारी

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न कार्यों के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। निर्वाचन कार्य में दिव्यांग कर्मचारियों की भागीदारों को लेकर भी बैठक हुई। इसमें 90 से अधिक कर्मचारियों ने निर्वाचन कार्य में ड्यूटी करने के लिए अपनी सहमति दी है। जिले के नौ मतदान केंद्रों पर दिव्यांग कर्मचारी मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

इंदौर कलेक्टर कार्यालय के आडिटोरियम में शनिवार को दिव्यांग कर्मचारियों और अधिकारियों की बैठक हुई। कार्यक्रम में करीब 300 कर्मचारी शामिल हुए। इसमें से 90

कर्मचारियों ने विभिन्न चुनावी प्रक्रिया में जिम्मेदारी संभालने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है।

परेशानियों से भी कराया अवगत

सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त संचालक सुचित्रा तिर्की ने बताया कि कर्मचारियों से निर्वाचन कार्य में चुनावी सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। इसमें 40 से 50 प्रतिशत दिव्यांग अधिकारियों और कर्मचारियों से विधानसभा चुनाव की ड्यूटी के अनुभवों को भी जाना। लोकसभा चुनाव में इन सुझावों पर अमल कर दिव्यांग कर्मचारियों को होने वाली परेशानी से जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराया जा सके। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र रघुवंशी एवं नेशनल मास्टर ट्रेनर आरके पांडे मौजूद रहे।

सामग्री के लिए सहायक की आवश्यकता

जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक पोलिंग बूथ पर मतदान की जिम्मेदारी दिव्यांग संभालेंगे। नौ मतदान दलों में सभी चार कर्मचारी दिव्यांग रहेंगे। बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान दल में शामिल दिव्यांग कर्मचारियों ने सामग्री उठाने की परेशानी से अवगत कराया। दिव्यांग कर्मचारियों का कहना था कि मतदान सामग्री उठाने के लिए दल को एक चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी को दिया जाना चाहिए। दिव्यांग कर्मचारियों को सामग्री उठाने में परेशानी होती है।

कुख्यात जिलाबदर बदमाश आरोपी, क्राईम ब्राँच इंदौर की कार्यवाही में धराया

इंदौर। पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु अवैधानिक गतिविधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के अनुक्रम मे क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पगनीस पागा हनुमान मंदिर के पास एक माह पूर्व जिलाबदर आरोपी घूम रहा है। मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम व थाना रावजी बाजार के द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुखबिर के द्वारा बताए स्थान से अज्ञात व्यक्ति से नाम पूछते आरोपी (1). लखन सोनगरा ऊर्फ मांगी पिता कमल सोनगरा निवासी 6/2 बलाई मोहल्ला रावजी बाजार इंदौर , होना बताया। जिलाबदर आरोपी लखन ऊर्फ मांगी को पुलिस आयुक्त इंदौर के द्वारा दिनांक 21.02.2024 को थाना रावजी बाजार के कई मामलों में 6 माह के लिया गया है जिलाबदर।

हाई कोर्ट ने चीन में रह रहे व्यवसायी को वाट्सएप-ईमेल पर भेजा नोटिस, बच्चों को मां से मिलवाए

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

चीन में रह रहे एक व्यवसायी को कुटुंब न्यायालय ने आदेश दिया है कि वह अपने दोनों बच्चों को उनकी मां से मिलवाने मुंबई लेकर पहुंचे। हाई कोर्ट के निर्देश कुटुंब न्यायालय ने विदेश में बसे व्यवसायी मधुसूदन तापड़िया को ई-मेल और वाट्सएप के जरिये भेजे हैं। व्यवसायी की इंदौर निवासी पत्नी कीर्ति माहेश्वरी कोर्ट पहुंची थी। दंपती ने सहमति से तलाक लिया था। कोर्ट के आदेश पर 7 अप्रैल को दो वर्ष बाद महिला दोनों बच्चों से मुंबई में मिलेगी।

वरिष्ठ अधिवक्ता अमरसिंह राठौर के मुताबिक, आपसी सहमति से मुंबई निवासी पति मधुसूदन तापड़िया व इंदौर निवासी पत्नी कीर्ति माहेश्वरी के बीच तलाक में यह शर्त थी कि दोनों बच्चे पिता के पास रहेंगे और बच्चों से मां

मिल सकेगी। तलाक लेने के बाद पति द्वारा बच्चों से मिलवाने के वादे से मुकरने पर इंदौर निवासी पत्नी ने कुटुंब न्यायालय में बच्चों से मिलवाने के लिए आवेदन पेश किया। न्यायालय ने आवेदन निरस्त करते हुए कहा कि आपसी सहमति से तलाक के बाद आवेदन की सुनवाई का कोर्ट को अधिकार नहीं है। इसके बाद पत्नी ने एडवोकेट राठौर के जरिये मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर कर कहा कि तलाक होने के बाद से दोनों बच्चों से उसका पति मिलने नहीं दे रहा है। वह चीन में रहकर बिजनेस कर रहा है। उसने दोनों बच्चों को पंचगनी (पुणे महाराष्ट्र) के स्कूल में भर्ती कर वहां मुलाकात से रोक लगा दी है। अधिवक्ता राठौर के मुताबिक, दोनों बच्चे मां को काल एवं मैसेज कर मिलने की इच्छा जता रहे हैं। दोनों बच्चे पंचगनी स्कूल में छुट्टियों के कारण फिलहाल मुंबई में दादा के पास हैं। हाई कोर्ट इंदौर में जस्टिस सुबोध अभ्यंकर ने सुनवाई में याचिका स्वीकार करते हुए कुटुंब न्यायालय को निर्देश दिया कि पति को वाट्सएप व ई-मेल से नोटिस जारी कर सात दिन में बच्चों से मिलवाने का आदेश पारित करें। हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद कुटुंब न्यायालय इंदौर में तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश माया विश्वलाल ने चीन में निवासरत बच्चों के पिता को नोटिस भिजवाया। आदेश दिया कि रविवार (7 अप्रैल 2024) के दिन बच्चों से उनकी मां को मुंबई में मिलवाने की व्यवस्था करे।

सम्पादकीय

मप्र में कांग्रेस क्यों हारना चाहती है ?...

पिछले साल जीता हुआ विधानसभा हारने के बाद क्या कांग्रेस लोकसभा में भी हारने का मन बनाये बैठी है ? ये सवाल कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर की जा रही लेतलाली के कारण उठने लगे हैं। २०१९ के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पास मप्र की २९ सीटों में से मात्र एक सीट हिस्से में आयी थी। इस बार भी कांग्रेस ने प्रत्याशियों के चयन में सतर्कता नहीं बरती और चुनाव होने से पहले ही अनेक सीटें भाजपा को जीतने के लिए छोड़ दीं है। २०१४ के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पास मात्र २ सीटें थीं।

राकेश अचल
लेखक

कांग्रेस इस बार प्रत्याशियों के नामों की घोषणा में भाजपा से पिछड़ गयी है । कांग्रेस ने पहली सूची में १२ प्रत्याशियों के नाम दिए थे । बाद में किश्तों में चार-छह नाम आते रहे किन्तु अभी भी ग्वालियर और मुरैना सीट के लिए कांग्रेस अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित नहीं कर पायी है। कांग्रेस में एक और पार्टी छोड़ने वालों का सिलसिला थम नहीं रहा दूसरे कांग्रेस अभी तक एक मजबूत प्रतिद्वंदी की तरह मैदान में खड़ी दिखाई नहीं दे रही है। कांग्रेस के दिग्गज नेता भी आधे-अधूरे मन से चुनाव मैदान में उतरे गए हैं। ग्वालियर-चंबल संभाग में तो कांग्रेस ने गुना और भिंड से जिन नामों की घोषणा की है उसे देखकर लगता है कि कांग्रेस यहां जीतना ही नहीं चाहती। आम धरना ये है कि कांग्रेस को इस चुनाव में पार्टी के पहले बड़े बिभीषण केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ कोई मजबूत और चौंकाने वाला प्रत्याशी मैदान में उतारना चाहिए था ,लेकिन ऐसा नहीं किया गया। सिंधिया के खिलाफ कांग्रेस पूर्व विधायक स्वर्गीय देशराज सिंह के बेटे राव यादवेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। कहने को सिंधिया और राव खानदान के बीच ये मुकाबला नया नहीं है। दोनों परिवारों के सियासी मुकाबला पुराना है। यहां वर्ष १९९९ के चुनाव में माधवराव सिंधिया और देशराज सिंह यादव के बीच मुकाबला हुआ था. उसके बाद २००२ के उपचुनाव में ज्योतिरादित्य के सामने देशराज सिंह थे। अब सिंधिया का मुकाबला देशराज के पुत्र यादवेंद्र सिंह से है. यादवेंद्र सिंह का परिवार पुराने भाजपा परिवार के तौर पर पहचाना जाता है। उनके पिता देशराज सिंह यादव भाजपा के बड़े नेता रहे हैं। यादवेंद्र सिंह भी भाजपा में रहे हैं, मगर वर्ष २०२३ के विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया था। कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह की मां तक उनके साथ नहीं हैं। वे जिला पंचायत सदस्य हैं, वे भाजपा में लौट चुकी हैं और परिवार के अन्य सदस्य भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। गुना संसदीय क्षेत्र में तीन जिलों के विधानसभा क्षेत्र आते हैं, इनमें शिवपुरी के तीन, गुना के दो और अशोकनगर के तीन विधानसभा क्षेत्र हैं. इन आठ विधानसभा क्षेत्र में से छह विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा का और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। सिंधिया के लिए केवल यादव मतदाताओं की बगावत ही नुक्सान कर सकती है अन्यथा उनकी जीत पक्की है गवालियर सीट से भाजपा ने विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री भारत सिंह को प्रत्याशी बनाया है ।उनका नाम सामने आते ही ये धारणा बन गयी थी कि भाजपा ये सीट हार जाएगी बशर्ते की कांग्रेस किसी मजबूत नेता को अपना प्रत्याशी बनाये, लेकिन कांग्रेस अभी तक अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पायी है। यही स्थिति मुरैना सीट को लेकर है ।मुरैना सीट से भी भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के भक्त पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को प्रत्याशी बनाया है। तोमर की छवि भी बेहद खराब है ।कांग्रेस यहां किसी भी मजबूत प्रत्याशी को लाकर लोकसभा की सीट जीत सकती थी ,लेकिन कांग्रेस ने यहां भी अभी तक प्रत्याशी का नाम तय नहीं किया। राजनीतिक हलकों में चर्चाए है कि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कांग्रेस नेताओं से इन सीटों को लेकर संधि कर ली है। हालाँकि मुरैना से पूर्व मंत्री राम निवास रावत कांग्रेस की और से चुनाव लड़ने को उतावले हैं। भिंड आरक्षित सीट से भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद को ही मैदान में उतारा है। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अपने विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। वे सवर्णों को सरेआम गरिया चुके हैं ,ऐसे में उनका जीतना आसान नहीं है ,जबकि ये सीट कांग्रेस के लिए मुरैना और ग्वालियर की सीट की तरह आसान थी। कांग्रेस की एक मात्र सुरक्षित सीट छिंदवाड़ा भी कांग्रेस में भाजपा द्वारा की गयी व्यापक तोड़फोड़ की वजह से खतरे में है ,कांग्रेस के दिग्गज दिग्विजय सिंह को हालाँकि कांग्रेस ने राजगढ़ से प्रत्याशी बनाकर छिंदवाड़ा की संभावित हार की भरपाई करने के लिए प्रत्याशी बनाया है लेकिन दिग्विजय सिंह राजगढ़ के मौजूदा भाजपा सांसद रोडमल नागर के सामने कितना टिक पाएंगे कहना कठिन है। नागर पिछले तीन चुनाव जीत चुके हैं। कांग्रेस को लगता है मध्यप्रदेश में वोटों की खेती करने में अब डर लगने लगा है ,अन्यथा ये मौका था जहाँ कांग्रेस कम से कम 10 सीटें आसानी से जीत सकती थी। अब देखना होगा कि हर तरह से कंगाल हो चुकी कांग्रेस मध्यप्रदेश में अपनी विजय पताका कितनी सीटों पर फहरा सकती है या उसे इस बार छिंदवाड़ा से भी हाथ धोना पड़ सकता है ?

बढ़ती बीमारियों के बीच स्वास्थ्य-क्रांति की अपेक्षा

-ललित गर्ग- | लेखक

हर वर्ष दुनिया के लोगों की उन्नत स्वास्थ्य की अपेक्षा के साथ 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। दुनिया भर में लोगों को प्रभावित करने वाले एक विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना इसका ध्येय है। यह सामूहिक कार्रवाई, शिक्षा और सभी के लिए स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का दिन है। 2024 की थीम - मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र में नए खोज, नई दवाओं और नए टीकों को बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। सन 1948 में, दुनिया के तमाम देशों ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए डब्ल्यूएचओ की स्थापना की, ताकि हर व्यक्ति हर जगह स्वस्थ्य रहे और उच्चतम स्तर की मदद प्राप्त कर सके। इसके दो साल बाद 1950 में पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया गया। इस बार का विषय इस सोच को दशार्ता है कि स्वास्थ्य एक बुनियादी मानव अधिकार है और हर किसी को बिना किसी वित्तीय कठिनाइयों के जब और जहां इसकी आवश्यकता हो, उसे स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।

दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेध घेरा है। निरन्तर बढ़ती हुई बीमारियों को रोकने के लिये नई-नई चिकित्सा पद्धतियां असफल हो रही है। जैसे-जैसे विज्ञान रोग-प्रतिरोधक औषधियों का निर्माण करता है, वैसे-वैसे बीमारियां नये रूप, नये नाम और नये परिवेश में प्रस्तुत हो रही है। 2021 में दुनिया की आधी आबादी से अधिक, 4.5 बिलियन से अधिक लोगों के पास आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं थी। दो अरब लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं क्योंकि उनके पास विभिन्न रोगों के उपचार पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। दुनिया भर में लगभग 930 मिलियन लोगों को अपने घरेलू बजट का 10 प्रतिशत या उससे अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उनकी वित्तीय हालत और खराब हो रही है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस केवल जागरूकता बढ़ाने के बारे में नहीं है; यह परिवर्तन का उत्प्रेरक है, यह स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करता है, और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन सीमाओं और सांस्कृतिक विभाजनों से परे है। यह दुनिया भर के लोगों को एक समान लक्ष्य में एकजुट करता है, एक ऐसी दुनिया जहां हर कोई अच्छे स्वास्थ्य के साथ पनप सके। यह प्रभावी, सुरक्षित, सस्ती और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर जोर देता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व क्षय रोग दिवस, विश्व टीकाकरण सप्ताह, विश्व मलेरिया दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, विश्व चगास रोग दिवस, विश्व रोगी दिवस के साथ डब्ल्यूएचओ द्वारा चिह्नित 11 आधिकारिक वैश्विक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस साल डब्ल्यूएचओ अपनी 75वीं वर्षगांठ भी मना रहा है, इसलिए इस दिन को खास बनाने के लिए, डब्ल्यूएचओ उन सार्वजनिक स्वास्थ्य सफलताओं को भी देखेगा, जिन्होंने पिछले साढे सात दशकों के दौरान जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस स्वास्थ्य देखभाल और बीमारी की रोकथाम में प्रगति को स्वीकार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सफल रणनीतियों और नवाचारों को उजागर करना वैश्विक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आगे की सफलताओं और प्रतिबद्धता को प्रेरित कर सकता है। भारत की स्वास्थ्य स्थितियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुधर रही है, लेकिन इस सुधार में तीव्रता की अपेक्षा है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी डेटा ने भारत में एक और बढ़ते स्वास्थ्य संकट पर प्रकाश डाला है और यह है मोटापा और एनीमिया। रिपोर्ट के अनुसार, अब पुरुषों की तुलना में दोगुनी संख्या में महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हो रही हैं। वहीं मोटापे के मामले में आंकड़ों पर नजर डालें तो महिलाओं में मोटापा 2015-16 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 में 24 प्रतिशत हो गया है। इनके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात, महाराष्ट्र सहित भारत के प्रमुख राज्यों में बच्चों में भी मोटापे में वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ, भारत 1.4 अरब से अधिक लोगों का घर है। 2018 में प्रति महिला औसतन दो बच्चों के जन्म पर, देश की जन्म दर प्रति हजार निवासियों पर 18.6 थी। औसत जीवन प्रत्याशा में 1920 के दशक से लगातार वृद्धि देखी गई है और 2019 में यह लगभग 69 वर्ष थी। हालाँकि, यह अभी भी लगभग 72 वर्षों के वैश्विक औसत से कम थी। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों, नियमित टीकाकरण और बुनियादी मां और बच्चे की देखभाल सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करने पर सरकार के बढ़ते ध्यान के कारण पिछले कुछ वर्षों में शिशु मृत्यु दर में भी लगातार गिरावट आई है। इसके अलावा, जब से कन्या भ्रूण हत्या और लिंग-चयनात्मक गर्भपात के सरकारी नियमों ने ऐसी प्रक्रियाओं को अवैध बना दिया है तब से देश में इसमें अपेक्षाकृत गिरावट देखी गई है। विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों में बीमारियों पर नियंत्रण के लिये योग एवं साधना, संतुलित आहार एवं संयमित जीवनशैली को भी हिस्सा बनाना चाहिए। हमारे शरीर के दो महत्वपूर्ण अवयव हैं- दिल और दिमाग। यानी हृदय और मस्तिष्क। ये दोनों समूचे शरीर-तंत्र का संचालन एवं नियमन करते है। शरीर के प्रत्येक अवयव की जीवंतता, सक्रियता, क्षमता और स्वस्थता इन दानों की स्वस्थता पर निर्भर करती है। जितनी भी मानसिक और कायिक बीमारियां या विकृतियां उत्पन्न होती है, वे इस बात की गवाह है कि किसी एक ने रोड क्रोसिंग पर खड़े ट्रेफिक पुलिस के निर्देशों की उपेक्षा कर ओवर टेकिंग की कोशिश की है। सारी दुनिया में बढ़ते हुए मनोरोग एवं हृदयरोग इसी आंतरिक अव्यवस्था का परिणाम है। अन्य असाध्य बीमारियों का कारण भी असंतुलित जीवनशैली है। इसलिये अच्छे स्वास्थ्य के लिये मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बरतना नितान्त अनिवार्य है और ऐसी जागृति के लिये विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों को माध्यम बनाया जाना चाहिए (ललित गर्ग)

कांग्रेस का न्याय पत्र 2024, घोषणा पत्र में 5 न्याय और 25 गारंटियाँ

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र में कांग्रेस ने 10 न्याय और 25 गारंटी मतदाताओं को दी हैं। कांग्रेस ने युवाओं को रिझाने के लिए पक्की नौकरी, 100000 रुपए का स्टाइफंड देने, 30 लाख सरकारी नौकरियों के रिक्त पदों को भरने की घोषणा की है। 14 लाख अतिरिक्त नौकरियां देने का वादा भी किया है। पेपर लीक जैसे मामले में मुआवजा देने की बात कर युवाओं को लुभाया गया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 2025 के चुनाव से महिलाओं को आरक्षण देने की बात कही है। महिलाओं को 50 फीसदी नौकरी में आरक्षण का लाभ 2025 से देने का वादा, भारतीय महिला बैंक तथा प्रत्येक गरीब परिवार को 100000 रुपए वार्षिक की आर्थिक सहायता का वायदा कर महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित किया है। कांग्रेस जातिय जनगणना कर एसटी, एससी, ओबीसी और गरीब सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण में जो अभी 50 फीसदी की सीमा है, उसको हटाकर सभी वर्गों को आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की बात कही है। भूमिहीनों को जमीन देने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, वरिष्ठ नागरिकों को रेल एवं सड़क मार्ग की यात्रा पर किराए में छूट ?1000 मासिक की पेंशन तथा अल्पसंख्यकों के अधिकार सुनिश्चित किए जाने की बात की है। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में भाजपा की वाशिंग मशीन की जांच और दल बदल कानून में सुधार करने की घोषणा की है। चुनावी बांड के माध्यम से भाजपा द्वारा जो चंदे का धंधा किया गया है, उसकी जांच करने के साथ-साथ, नोटबंदी, राफेल, पेगासस स्पाइवेयर की जांच कराने की बात भी अपने घोषणा पत्र में कही है। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उससे भाजपा और मोदी सरकार की मुसीबतें बढ़ेंगी, इतना तो तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वह घोषणा पत्र के स्थान पर संकल्प पत्र लाएंगे। प्रधानमंत्री निरंतर अपने चुनावी भाषण में गारंटी पर गारंटी देने की बात कर रहे हैं, लेकिन अब स्थितियां बदल चुकी हैं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नाम की हवा चल रही थी। मोदी की आंधी के आगे सब धराशाई हो रहे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और मोदी को इसका लाभ मिला। जो गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी थी। अच्छे दिन लाने, महंगाई कम करने, काला धन खत्म होगा तो सभी के खाते में 15 लाख आएंगे, 5 साल का वक्त मांगा था यह सभी गारंटी जमीन पर नहीं उतरी हैं। सब हवा हवाई होकर रह गई हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के मतदाता महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा द्वारा जो नए-नए सपने मतदाताओं को दिखाए जाते हैं। भाजपा पुराने दिखाए हुए सपने भूल जाती है। अब उन सपनो का कोई असर होता मतदाताओं के बीच नहीं दिख रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। कांग्रेस के पप्पू राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से आम जनमानस के बीच में संपूर्ण भारत में एक नई छवि बनाई है। जनता को उन पर विश्वास भी होने लगा है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी, कि अब पूंजीवाद बनाम समाजवाद की नई लड़ाई 2024 के चुनाव में देखने को मिल रही है। मोदी गारंटी पर मोदी की गारंटी का वायदा अब असरकारी नहीं रहा। भ्रष्टाचार को लेकर भी अब जनता प्रभावित नहीं हो रही है। जिन नेताओं के ऊपर भाजपा ने भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े आरोप लगाए। उन्हीं को भाजपा में शामिल कर लिया। इससे भाजपा की साख कम हुई है। भाजपा के कार्यकर्ता भी नाराज हुए हैं। आम जनता भी यह मानकर चलने लगी है, जब तक नेता विपक्षी दलों में रहते हैं, तब तक उनके ऊपर भाजपा भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर जांच एजेंसियों से जांच कराने, और विपक्षी दलों के नेताओं को बदनाम किया जाता है। जब वह भाजपा में आ जाते हैं, तो उनकी जांच बंद कर दी जाती है। जो भाजपा में शामिल नहीं होते हैं, उन्हें जेलों में बंद कर दिया जाता है। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में आम जनता के हर वर्ग को समाहित किया गया है। भाजपा ने धार्मिक आधार पर जो 80-20 का खेल शुरू किया था। कांग्रेस ने लोगों की तकलीफों को जान लिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 80 फीसदी शोषित वर्ग को शामिल करके भाजपा को जवाब दिया है। विकास और इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्थान पर लोगों की वास्तविक प्राथमिक जरूरतों को ध्यान में रखकर घोषणा पत्र जारी किया है। उस पर मतदाता विश्वास करेगा। 2024 की लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के दौरान यह देखने को मिलने लगा है। विपक्षी दलों के प्रति एक सहानुभूति भी मतदाताओं के बीच में देखने को मिल रही है। धार्मिक ध्रुवीकरण का वह प्रभाव नहीं पड़ रहा है, जो 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिला था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 साल की सत्ता को पूरा करने जा रहे हैं। निश्चित रूप से इस बीच में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काफी काम हुए हैं। इसका लाभ बड़े-बड़े पूंजीपतियों को मिला है। पूंजीपतियों की पूंजी पिछले 10 वर्षों में बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। वहीं गरीब और गरीब हो गया है। गरीब और मध्यम वर्ग कर्ज के बोझ से दब गया है। कांग्रेस ने आम जनता की मुसीबत की नब्ज को पकड़ लिया है। कांग्रेस अब जनता की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस का संगठन पूरी तरह से छिन्न-भिन्न हो चुका है। 2024 की लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन और कांग्रेस को मतदाताओं का जो समर्थन मिल रहा है। संगठन कमजोर होने के बाद भी आम जनता कांग्रेस की ताकत बन गई है। कांग्रेस का घोषणा पत्र आने के बाद भाजपा पर इसका दबाव बन गया है। कांग्रेस का घोषणा पत्र देखने के बाद यही कहा जा सकता है, कि कांग्रेस अब आम जनता की लड़ाई लड़ना सीख गई है। घोषणा पत्र में जनता को समस्याओं से निजात दिलाने का जो वादा कांग्रेस ने किया है, इसका असर मतदाताओं पर पड़ना तय है। कांग्रेस के घोषणा पत्र ने भाजपा के लिए चुनौतियों को बढ़ा दिया है। भाजपा अपने चुनावी घोषणा पत्र में क्या लाती है, यह देखना होगा।

सनत जैन
लेखक

अज्ञान का आवरण...

गुरू के पास डंडा था। उस डंडे में विशेषता थी कि उसे जिधर घुमाओ, उधर उस व्यक्ति की सारी खामियां दिखने लग जाएं। गुरू ने शिष्य को डंडा दे दिया। कोई भी आता, शिष्य डंडा उधर कर देता। सब कुरूप-ही-कुरूप सामने दीखते। अब भीतर में कौन कुरूप नहीं है? हर आदमी कुरूप लगता। किसी में प्रोध ज्यादा, किसी में अहंकार ज्यादा, किसी में घृणा का भाव, किसी में ईर्ष्या का भाव, किसी में द्वेष का भाव, किसी में वासना, उत्तेजना। हर आदमी कुरूप लगता। बड़ी मुसीबत, कोई भी अच्छा आदमी नहीं दिख रहा है।

उसने सोचा, गुरूजी को देखूं, कैसे हैं ? गुरू को देखा तो वहां भी कुरूपता नजर आई। गुरू के पास गया और बोला कि महाराज! आप में भी यह कमी है। गुरू ने सोचा कि मेरे अस्त्र का मेरे पर ही प्रयोग! गुरू आखिर गुरू था। उसने कहा कि डंडे को इधर-उधर घुमाते हो, कभी अपनी ओर भी जरा घुमाओ। घुमाकर देखा तो पता चला कि गुरू में तो केवल छेद ही थे, यहां तो बड़े-बड़े गड्ढे हैं। वह बड़े असमंजस में पड़ गया। कहने का अर्थ यह कि हमारी इन्द्रियों की शक्ति सीमित है। दूर की बात नहीं सुन पाते। भीतर की बात नहीं देख पाते। बहुत अच्छा है, अगर कान की शक्ति बढ़ जाए तो आज की दुनिया में इतना कोलाहल है कि नींद लेने की बात ही समाप्त हो जाएगी। देखने की शक्ति बहुत पारदर्शी बन जाए तो इतने बीभत्स दृश्य हमारे सामने आएंगे कि फिर आदमी का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। कुरूपता तो चेतना के भीतर होती है। प्रकृति की विशेषता है कि हमारा अज्ञान का आवरण टूट नहीं पा रहा है।

व्यापार

ओला ने पेश किया इलेक्ट्रिक स्कूटर ओला सोलो

नई दिल्ली ■

अपने लेटेस्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर ओला सोलो को कंपनी ओला ने पेश किया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर पूरी तरह से ऑटोनॉमस कैपेबिलिटीज और एंडवांस एआई टेक्नोलॉजी के साथ अर्बन कम्यूटिंग को बदलने का वादा करता है। सोलो को भारत का पहला ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक स्कूटर कहा जा रहा है। अभी इसकी लॉन्चिंग या कीमत को लेकर जानकारी नहीं मिली है। ये एक प्रोटोटाइप है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से इक्विप्ड, सोलो पूरी तरह से ऑटोनॉमस और ट्रैफिक-सैवी स्कूटर है। इनोवेटिव जेयु-गार्ड एडाप्टिव एल्गोरिदम से पावर्ड, ये स्कूटर हर राइड से सीखता है और एक स्मार्ट और ज्यादा एफिशिएंट ट्रैवल एक्सपीरिएंस सुनिश्चित करता है। इसके अलावा इसमें दिया गया इन-हाउस चिप एलएमए 09000 शहर की सड़कों पर सहजता से नेविगेट करने के लिए रियल टाइम ट्रैफि क डेटा का उपयोग करता है। ओला इलेक्ट्रिक के को-फाउंडर भाविश अग्रवाल ने सोलो के लॉन्च की घोषणा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए की और इसे इलेक्ट्रिक स्कूटर के सेक्टर में एक माइलस्टोन बताया। उन्होंने राइड-हेलिंग और लोकल कॉमर्स में एक आदर्श बदलाव का संकेत देते हुए इसकी ऑटोनॉमी, एआई कैपेबिलिटीज और डेली कम्यूट में सीमलेस इंटीग्रेशन पर जोर दिया।

टेस्ला जल्द भारत में लगाएगी 2 से 3 अरब डॉलर का ईवी संयंत्र

नई दिल्ली। भारत में तीन राज्य ऐसे है जो टेस्ला को पसंद आए है। गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में से किसी एक राज्य में 2 से 3 अरब डॉलर की लागत से टेस्ला ईवी संयंत्र लगा सकती है। इसकी आहट उसी वक्त आने लगी थी जब 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में टेस्ला सुविधा का दौरा किया था और एलन मस्क उन्हें अपने इलेक्ट्रिक कार प्लांट के दौरे पर ले गए थे और पीएम को आश?वस्त किया था कि इलेक्ट्रिक वाहन बनने जा रहे हैं। लगभग एक दशक बाद टेस्ला भारत में आने और निर्माण करने के लिए तैयार है। टेक अरबपति अंततः देश में 2-3 अरब डॉलर का ईवी संयंत्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थान की तलाश के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेज रहा है।

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा, सेंसेक्स 20.59 अंक बढ़कर 74,248 पर बंद

मुम्बई ■

वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और मुनाफावसूली की वजह से बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। वहीं शुक्रवार को आरबीआई की मौद्रिक समिति की बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने के फैसले से सेंसेक्स में तेजी दिखाई दी और निफ्टी कमजोर होकर बंद हुआ।

बीते पांच कारोबारी दिनों में से शेयर बाजार में तीन दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही। भारतीय इक्विटी सूचकांक सोमवार को एशियाई बाजारों में तेजी और अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों में मामूली राहत के बाद हरे निशान पर खुले। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 533 अंक बढ़कर

74,189 पर खुला और 363.20 अंकों की बढ़त के साथ 74,014.55 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 178 अंक की बढ़त के साथ 22,506 के स्तर पर खुला और 135.10 अंक मजबूत होकर 22,462.00 के स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत हुई। मंगलवार को सेंसेक्स में 57.62 अंकों की मजबूती के साथ 74,043.96 के स्तर पर खुला और 110.64 अंकों की गिरावट के साथ 73,903.91 के स्तर पर बंद हुआ।

इन्दौर बाजार भाव

लूज तेल (प्रति दस किलो) : इंदौर मूंगफली तेल 1510 से 1530, मुंबई मूंगफली तेल 1530, इंदौर सोयाबीन रिफाइंड 1000 से 1005, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 955 से 960, मुंबई सोया रिफाइंड 985 से 990, मुंबई पाम तेल 990, इंदौर पाम 1012, राजकोट तेलिया 2400, गुजरात लूज 1500, कपास्या तेल इंदौर 960 रुपए।

तिलहन : सरसों निमाड़ी (बारीक) 5800, एवरेज 5400 से 5600, रायड़ा 4600 से 4800, सोयाबीन 4650 रुपए क्विंटल। सोयाबीन डीओसी स्पॉट 38000 रुपए टन।

प्लांटों के सोयाबीन भाव : बैतूल 47500, लक्ष्मी 4725, प्रेस्टीज 4750, रुचि 4680, सांवरिया 4650, खंडवा 4725, धानुका 4800, एमएस नीमच 4800, एमएस पचोर 4690 व एवी 4700 रुपए।

कपास्या खली (60 किलो भरती) बिना टेक्स भाव - इंदौर 1850, देवास 1850, उज्जैन 1850, खंडवा 1825, बुरहानपुर 1825, अकोला 2800 रुपए।

मुंबई पोट पर आयातित चना तंजानिया 5700, काबुली सूडान 6500, मसूर कनाड़ा 6200, तुवर लेमन नई 10550, गजरी 9700, तुवर सूडान 10700, तुवर सफेद 9900, तुवर तंजानिया 10000 व उड़द एफएक्यू 9150 रुपए।

दलहन: चना कांटा 5900 से 6000, विशाल नया 5650 से 5900, डंकी 5300 से 5500, मसूर 6100, तुवर महाराष्ट्र 10600 से 10800, कर्नाटक 10800 से 11000, निमाड़ी 9000 से 10300, मूंग 9000 से 9200, बारिश का मूंग 9200 से 10000, एवरेज 7000 से 8000, उड़द बेस्ट 8800 से 9200, मीडियम 7000 से 8000, हल्का 3000 से 5000 रुपए क्विंटल।

दालें: चना दाल 7800 से 7900, मीडियम 8000 से 8100, बोल्ड 8200 से 8300, मसूर दाल मीडियम 7200 से 7300, बोल्ड 7400 से 7500, तुवर दाल सवा नंबर 12800 से 13000, फूल 13900 से 14000, बेस्ट तुवर दाल 14700 से 14800, ब्रांडेड तुवर दाल 15800, मूंग दाल मीडियम 10550 से 10650, बोल्ड 10750 से 10850, मूंग मोगर 11450 से 11550, बोल्ड 11650 से 11750, उड़द दाल मीडियम 11100 से 11200, बोल्ड 11300 से 11400, उड़द मोगर 11450 से 11550, बोल्ड 11650 से 11750 रुपए।

काबली चना कंटेनर भाव- काबली चना (40-42) 11900, (42-44) 11700, (44-46) 11400, (58-60) 9400 रुपए।

इंदौर चावल भाव- दयालदास अजीत कुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000 , दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, बासमती सेला 7000 से 9500, मोगरा 4500 से 7000, दुबराज 4500 से 5000, कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7500, परमल 3200 से 3400, हंसा सेला 3400 से 3600, हंसा सफेद 2800 से 3000, पोहा 4550 से 4800 रुपए।

शकर 3820 से 3890, सुपर 3900, गुड़ भेली 3700, कटोरा 3900, लड्डू 4100, ग्लास 4600 से 4900, ऑर्गेनिक 6500, सिंघाड़ा बड़ा 105 से 110, छोटा 90, सच्चासाबु एगमार्क (आध किलो पैकिंग) 7740, साबूदाना चक्र एगमार्क (500 ग्राम) 7440, शिव ज्योति (1 किलो) 7360, साबूदाना गोपाल लूज (25 किलो) में 6950 रुपए (भाव प्रति क्विंटल में)। खोपरा गोला कट्टे में 111 व बाक्स में 125 से 140, खोपरा बूरा 2350 से 4400 रुपए।

पूजन सामग्री : नारियल 120 भरती 1800 से 1850, 160 भरती 1850 से 1900, 200 भरती 1850 से 1900, 250 भरती 1850 से 1900, देशी कपूर 810 से 815, पूजा बादाम 85 से 90, बेस्ट 155 से 175, पूजा सुपारी 480, अरीठा 125 से 130 रुपए। केसर 180 से 188, बेस्ट 210 से 213 रुपए प्रति ग्राम, सिंदूर (25 किलो) 7500 रुपए।

आटा-मैदा : आटा चक्की 1460, रवा कट्टे में 1570, मैदा 1470, चना बेसन 3900 रुपए प्रति 50 किलो बोरी।

इंदौर मावा 300 रुपए किलो। उज्जैन मावा 240 रुपए किलो। डेयरी भाव- थोक में पनीर 360, रिटेल में 380 से 400, थोक में दही 100, रिटेल में 120, थोक में मक्खन 580, रिटेल में 600, थोक में घी 600, रिटेल में 640 रुपए।

न्यूज ब्रीफ

बीना से गुना की तरफ जा रही मालगाड़ी के इंजन में लगी आग, कोयले से भरी थी ट्रेन

सागर। दो इलेक्ट्रिकल इंजन के साथ कोयला लेकर बीना से गुना की तरफ जा रही पीसीएमसी गुड्स ट्रेन के इंजन में शनिवार शाम सात बजे के आसपास एकाएक आग लग गई। बीना स्टेशन से लगभग 14 किमी दूर सेमरखेड़ी स्टेशन से लगभग आधा किलोमीटर दूर यह घटना हुई। बता दें कि इंजन में लगी आग को देख रेल कर्मचारियों के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी रेल अधिकारियों को दी। साथ ही नजदीकी रिफाइनरी और जेपी कंपनी के अधिकारियों को सूचना देकर फायर ब्रिगेड बुलाई गई। बीना नगरपालिका की फायर लारी को भी सूचित किया गया। जिन्होंने आकर आग पर काबू पा लिया है। रेलवे तथा स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है। रेल अधिकारी नवल अग्रवाल ने कहा, मध्य रेल भोपाल से हुई बातचीत में उन्होंने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि फिलहाल आग बुझा ली गई है, आग लगने की वजह की जांच की जाएगी। फिलहाल, एक बड़ा हादसा टल गया है। क्योंकि मालगाड़ी कोयले से भरी हुई थी। जो कोटा डिवीजन जा रही थी।

मृत कर्मचारी की लगा दी चुनाव ड्यूटी, कलेक्टर ने किया निगम के सहायक आयुक्त को निलंबित

जबलपुर। जबलपुर जिला निर्वाचन कार्यालय में नगर निगम द्वारा कर्मचारियों को भेजे गये डेटा बेस में मृतक कर्मचारी का नाम फीड कर दिया गया था, जिसे गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नगर निगम जबलपुर की सहायक आयुक्त एवं प्रभारी स्थापना शाखा रचयिता अवस्थी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। नगर निगम की सहायक आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी स्थापना शाखा द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजे गये नगर निगम के कर्मचारियों के डेटा बेस में मृत कर्मचारी रेखा साहू का नाम फीड कर दिया गया था, जिसके कारण मृत महिला कर्मचारी की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई थी। अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर एवं निर्वाचन कार्यालय के स्टॉफ द्वारा बार-बार संपर्क कर रचयिता अवस्थी को स्वयं उपस्थित होकर अति आवश्यक सेवाओं में तैनात नगर निगम के कर्मचारियों को चिन्हित करने के निर्देश दिये गये थे। ताकि उन्हें चुनावी ड्यूटी से मुक्त रखा जाना है। इसी के साथ उन्हें ऐसे कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करने भी कहा गया, जिनसे निर्वाचन कार्य लिया जा सकता है। इसके बावजूद वे एक बार भी उपस्थित नहीं हुईं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सक्सेना ने उनके इस कृत्य को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

महाविद्यालयीन छात्रों ने रंगोली बनाकर मतदान का दिया संदेश

सेंधवा (निर्मला वर्मा)। आगामी लोकसभा चुनाव में युवाओं को मतदान से जोड़ने व लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं। ताकि अधिक से अधिक मतदान किया जा सके। इसी के तहत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी में संस्था के प्राचार्य श्री टीएल ठाकुर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को छात्रों द्वारा रंगोली बनाई गई। जिसमें रंगोली के माध्यम से छात्रों ने मतदान का संदेश दिया एवं सभी से अपने मत का उपयोग मतदान कर करने हेतु आग्रह किया। इसी तारतम्य में महाविद्यालय के एंबेसडर छात्र सतीश कुशवाह छात्र काजल खोटे एवं संगीता ने स्लोगन के माध्यम से कहा कि शत प्रतिशत हो मतदान सभी की अंगुली पर हो निशान। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी विभाग अध्यक्ष श्री प्रदीप राठौर, श्री गौरव दाने, मतदाता जागरूकता अभियान के प्रभारी श्री महेंद्र बरड़े, श्री नवल भोसले, श्री संजय परमार श्री अनुराग जोशी छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

जिले में रोईंग विधा प्रतिभा चयन टेस्ट का आयोजन होगा 08 अप्रैल को

सेंधवा (निर्मला वर्मा)। मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्टस अकादमी भोपाल द्वारा वाटर स्पोर्टस अकादमी की रोईंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 04 से 30 अप्रैल तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी श्री रूपसिंह कलेश से प्राप्त जानकारी अनुसार बड़वानी जिले में वाटर स्पोर्टस चयन समिति द्वारा 08 अप्रैल को शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बड़वानी के खेल मैदान पर प्रातः 8.30 बजे से 10 बजे तक टेस्ट लिया जायेगा। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित चयन स्थल पर उपस्थित हो सकते है। प्रतिभा चयन से संबंधित जानकारी के लिए तकनीकी सलाहकार श्री दलवीर सिंह के मोबाईल नंबर 8319360206 पर या डीबी तकनीकी प्रशिक्षण वाटर स्पोर्टस श्री रथिश कुमार के मोबाईल नंबर 9611396516 पर संपर्क किया जा सकता है।

जनसंघ के जमाने से पूरा करते आ रहे हैं वादा, आंख में धूल झोंक कर सत्ता पाना चाहती हैं विपक्षी पार्टियां

सिंगरौली ■

देश के रक्षामंत्री व भाजपा के स्टॉर प्रचारक राजनाथ सिंह शनिवार को सिंगरौली पहुंचे। रामलीला मैदान वैढन. में उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। करीब 18 मिनट के भाषण में रक्षामंत्री ने बिना किसी पार्टी का नाम लिए विपक्षी पार्टियों पर हमला बोला। कहा कि भाजपा हर हाल में अपना वादा पूरा करती है। जनसंघ के जमाने से चुनावी एजेंडा उठाकर देख लीजिए। एक-एक कर सभी वादा पूरा किया गया है।

भगवान राम का मंदिर, कश्मीर से धारा 370 हटाया जाना और नागरिकता कानून लागू करना जैसे कई उदाहरण हैं। भाजपा जनता की सेवा करने सत्ता में आती है। जबकि विपक्षी पार्टियां आंख में धूल झोंक कर सत्ता हासिल करना चाहती हैं। भाजपा पिछले 10 वर्षों से सेवा कर रही है। जबकि विपक्षी पार्टी ने लंबे

समय तक देश पर हुकूमत किया है। रक्षामंत्री ने भाजपा की विपक्षी पार्टी के शासन काल को हुकूमत का नाम दिया। सीधी संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि चुनावों में देश का धन बर्बाद न हो। इसके लिए भविष्य में वन नेशन वन इलेक्शन पर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए कमेटी का गठन भी किया है। कहा कि सभी चुनाव एक साथ होंगे तो देश पर कई चुनाव कराने का आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। साथ ही जनता का समय भी बर्बाद नहीं होगा। बोले, इस तरह की है मोदी सरकार की सोच। भाजपा सरकार जनता की हर समस्या का समाधान करेगी। यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने संबोधन के अंत में जनता से दोनों हाथ उठा कर अब की बार फिर मोदी सरकार का वादा लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री को दी बधाई

रक्षामंत्री ने कहा कि वे पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और मुख्यमंत्री भी रहे। पहले जब मध्य प्रदेश का जिक्र होता था तो इसकी गणना बीमारू राज्यों में होती थी। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बधाई के पात्र हैं। उन्होंने लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश को विकासशील राज्य बनाया है। अब नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगे का कार्य कर रहे हैं।

किसानों को बनाएंगे समृद्ध

भाजपा सरकार किसानों को समृद्ध बनाने को लेकर कार्य कर रही है। अधिक उपज होने पर किसानों को औनेपौने दाम में उपज बेचना न पड़े, इसके लिए सवा लाख करोड़ रुपए के बजट से देश भर में भंडारण गृह तैयार किया जा रहा है। किसान वहां अपनी उपज रखकर कीमत बढने. तक का इंतजार कर सकेंगा। इस दौरान उन्होंने सभी को पक्का घर दिए जाने और भू-अधिकार जैसी योजनाओं का भी जिक्र किया। कहा कि आगे भी गरीबों के लिए इस तरह की योजनाएं जारी रहेंगी।

विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं

रक्षामंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास जनता के बीच बात करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। कहा कि वे क्या बोलेंगे। उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार इतनी चरम पर था कि मंत्रियों को ही जेल हो जाती थी। भाजपा के कार्यकाल में एक भी ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिलेगा। देश की सुरक्षा के मामले में कहा कि पहले प्रत्येक वर्ष आतंकी हमला होता था। भाजपा के शासन काल में कोई आतंकी घटनाएं देखने-सुनने को नहीं मिली है। वर्ष 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

राजा भैया पर बनाया जा रहा नाम वापस लेने का दबाव, भाजपा पर आरोप

खजुराहो। मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन की प्रत्याशी मीरा दीपक यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब यहां पर खेल शुरू हो गया है। खजुराहो सीट पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी व पूर्व आईएएस राजा भैया प्रजापति ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग उन पर नाम वापसी के लिए दबाव बना रहे हैं। राजा भैया प्रजापति ने चुनाव आयोग को लिखित में इसकी शिकायत भी की है। खजुराहो लोकसभा सीट पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व आईएएस राजा भैया प्रजापति ने मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत चुनाव आयोग को लिखित में शिकायत भेजी है।

टिकट ऐलान मचा घमासान, विधायक ने प्रत्याशी चयन पर उठाए सवाल

मुरैना ■

मध्यप्रदेश की तीन बची हुई सीटों पर कांग्रेस ने शनिवार को प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। मुरैना लोकसभा सीट से कांग्रेस ने सत्यपाल सिकरवार को प्रत्याशी बनाया है लेकिन उनके नाम का ऐलान होने के बाद कांग्रेस में ही उनका विरोध शुरू हो गया है। श्योपुर की विजयपुर सीट से कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत ने प्रत्याशी चयन को लेकर सवाल उठाए हैं और मीडिया से बात करते हुए प्रत्याशियों पर भी जमकर तंज कसे हैं।

सत्यपाल सिकरवार को मुरैना लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत ने खुलकर तो नहीं लेकिन तंज कसते हुए विरोध किया है। उन्होंने साफ साफ कुछ नहीं कहा

सत्यपाल सिकरवार
कांग्रेस प्रत्याशी, मुरैना

रामनिवास रावत
कांग्रेस विधायक

लेकिन इशारों-इशारों में ही बहुत कुछ गए। द?असल जब मीडिया ने मुरैना सीट प्रभारी रामनिवास रावत से तीन सीटों पर हुए प्रत्याशियों के ऐलान को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि पार्टी ने बड़ी मेहनत की है और माइक्रो परीक्षण कर प्रत्याशी ढूंढे हैं और ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिए हैं जो कि न केवल खुद जीतेंगे बल्कि दो-चार सीटें भी जिताएंगे। इस प्रकार से कांग्रेस की स्थिति इस बार बेहद अच्छी रहने वाली है। रामनिवास रावत यहीं नहीं रुके उन्होंने तंज कसते हुए आगे कहा कि जिन लोगों को टिकट मिला है उन्हें शायद कांग्रेस कार्यकताओं की आवश्यकता नहीं है। जो प्रत्याशी आए हैं वो जीतने वाले प्रत्याशी हैं बिना किसी के सहयोग से जीतने वाले प्रत्याशी हैं।

तीन मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, 14 लोग झुलसे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

सिंगरौली ■

मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक तीन मंजिला बिल्डिंग में आग लगने से 14 लोग झुलस गए हैं। लोगों को बिल्डिंग से निकालने का काम किया जा रहा। वहीं अभी भी कई लोग बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए हैं। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग में शार्ट-सर्किट होने की वजह से आग लगी है। मौके पर कलेक्टर, एसपी, नगर निगम के अधिकारी, और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद हैं।

आग की लगने की खबर लगते ही मौके पर एसपी सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया है। फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम कर रही है। अभी पांच



घायलों को सिंगरौली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं एक घायल को ठळढउ और एक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें जानकारी सामने आई है कि एक ही परिवार के आठ लोग झुलसे हैं। कलेक्टर का कहना है कि बिल्डिंग की परमिशन की जांच करवाएंगे।

उज्जैन में लगेगा 50 दिवसीय शिविर, इसमें बच्चे ही नहीं बड़े भी सीखेंगे संस्कार

उज्जैन ■

क्या आप सोच सकते हैं कि हमारे संस्कार, तप, आराधना, संयम और नियम के बारे में सिखाने के लिए भी कोई शिविर आयोजित हो सकता है, जिसमें बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े भी एक-दो दिन नहीं बल्कि पूरे 50 दिनों तक संत जैसा जीवन जीने के साथ ही पंखे, बिस्तर, मोबाइल और परिवार का मोह त्याग कर यह सीखने की कोशिश करते हैं कि धर्म की राह पर चलते हुए साधु-संतों को आखिर किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रभु भक्ति का यह मार्ग आखिर कितना कठिन है। धार्मिक नगरी उज्जैन में आगामी 14 अप्रैल से एक ऐसा ही शिविर आयोजित होने वाला है, जिसमें उज्जैन जिले या संभाग नहीं, बल्कि पूरे देश भर के लोग इस शिविर में शामिल होंगे।

बड़नगर रोड स्थित श्री कल्याण

मंदिर नवग्रह 45 जिनालय महातीर्थ अभ्युदयपुरम् जैन गुरुकुल में 14 अप्रैल 2024 रविवार से 50 दिनी उपधान तप प्रारंभ होने जा रहे हैं, जिसमें शामिल होने वाले 6 वर्ष के बच्चों से 80 वर्ष तक के वर्द्धजन जैन साधु संतों जैसा जीवन जीएंगे, जिसमें न बिजली उपकरण का उपयोग होगा और न ही बिस्तर पर विश्राम। अभ्युदयपुरम् के संस्थापक डॉ. आचार्य श्री मुक्तिसागर सूरिश्वर महाराज ने इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी कुछ समय के लिये संत जैसा जीवन जीने का नाम ही उपधान तप साधना है। आचार्य श्री ने बताया कि अप्रैल और मई स्कूली बच्चों के लिये फ्री टाइम होता है। स्कूल जून महीने में प्रारंभ होती है, अतः स्कूली बच्चे इस तप साधना में विशेष तौर से जुड़े और हमारे संस्कारों के बारे में सीखें। यही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। महाराज श्री ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए आगे बताया कि शिविर के दौरान सभी शिविरार्थियों को सुबह 4 बजे उठाकर प्रतिक्रमण करवाया जाएगा।

Form No. URC-2

Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI
[Pursuant to section 374(b) of the companies Act, 2013 and rule 4(1) of the companies(Authorized to Register) Rules, 2014]

1. Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act,2013, an application has been made to the Registrar of Companies at Madhya Pradesh that **BHAGWAN FARMS PRIVATE LIMITED** may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013, as a company limited by shares.
2. The principal objects of the company are "Farming, Production, harvesting, marketing, agriculture and horticulture".
3. A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be inspected at the office at **405, Rajani Bhawan , 569/2 M.G. Road , Indore , Madhya Pradesh -452001.**
4. Notice is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Registrar of Companies, Madhya Pradesh, within twenty one days from the date of publication of this notice, with a copy to the company at its registered office.
5. The Resolution for conversion from Partnership Firm to Private Limited Company was passed in the meeting of the partners of M/s. Bhagwan Farms held on 28th Day of February ,2024.

Dated this 06th Day of April, 2024

Name(s) of Applicant 1

Sd/-
1. Ravi Goyal
2. Vishnu Prasad Goyal

बुक सेलरों की मनमानी, अभिभावकों की जेब कर रहे खाली

कटनी ■

एक अप्रेल से शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत हो चुकी है। गर्मी की छुट्टी होने से पहले एक माह तक लगने वाले सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों के शुरू होते ही अभिभावकों की टेंशन सातवें आसमान पर है। उनको तनाव स्कूल शुरू होने से नहीं बल्कि जेब ढीली होने से बढ़ा है। इसकी मुख्य वजह तो यह कि केंद्रीय विद्यालय में छोटी कक्षाओं की जो पुस्तकें महज 200 रुपए में सभी विषयों की मिल रही हैं वहीं निजी स्कूलों में कॉपी-किताब का सेट 5 हजार तक जा रहा है। इनमें आधी से ज्यादा कीमत पुस्तकों की है। स्कूल संचालकों, बुक-कॉपी सेलरों के बीच होने वाले कमीशन के खेल और मनमानी के चलते महंगे दाम पर पाठ्य सामग्री बेची जा रही है।

गुरुवार को निजी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें खरीदने वाले अभिभावकों, दुकानदारों से चर्चा की तो आंकड़ा चौकाने वाला रहा। तय नियम के अनुसार अभिभावक कहीं पर भी अपनी रुचि अनुसार दुकानों से पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनीफॉर्म, कॉपियां ले सकते हैं, लेकिन फिक्सिंग के कारण मजबूरी में मनमारी रकम

चुकानी पड़ रही है। दबी जुबान में अभिभावक सिर्फ यही कहते नजर आए, भैया बच्चों को पढ़ाना है तो खरीदना ही पड़ेगा। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूलों और कारोबारियों के बीच चल रहे इस गठजोड़ पर शिक्षा विभाग व प्रशासन की बिल्कुल भी नजर नहीं है।

इन स्कूलों की किताबें महंगी

शहर की बुक स्टेशनरी व बुकमार्ट सेंटरों में एक दो दर्जन से अधिक स्कूलों की पुस्तकें महंगी हैं। इसमें वार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल, सेंटपॉल स्कूल, नालंद स्कूल, सायना स्कूल, डीएवी, डीपीएस, एचडी मेमोरियल, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, आरएस मेमोरियल, नेचर स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, किड्स केयर, बचपन प्ले, पोदार स्कूल, डायमंड इंग्लिश मीडियम, वेलवेदर, विज्डम वर्ल्ड, सेक्रेट हार्ड, एकेडमी हाइट्स, लाइम सिटी आदि स्कूलों की कॉपी-किताबें महंगी बिक रही हैं।

यूनीफॉर्म में भी घालमेल

स्कूल संचालकों की न सिर्फ कॉपी-किताबों के लिए दुकानें फिक्स हैं, बल्कि यूनीफॉर्म भी अभिभावकों को तय दुकानों से लेनी पड़ रही हैं, वह भी दुकानदारों की शर्तों पर। कहीं पर शॉर्टिज बताकर तो कहीं पर कपड़ों की गुणवत्ता बेहतर होने के नाम पर मनमानी रकम वसूलकर अभिभावकों की जेब ढीली कराई जा रही है।

एनसीइआरटी के अलावा भी चल रहीं पुस्तकें

शिक्षा विभाग द्वारा प्रशानिक अमला निजी स्कूल संचालकों को एनसीइआरटी की पुस्तकें चलाने के निर्देश दिए हैं, बावजूद इसके कई स्कूलों में नर्सरी से लेकर कक्षा 5 तक की पढ़ाई में मनमानी जारी है। स्कूल संचालक कमीशन के फेर में निजी पब्लिकेशन का पुस्तकें चला रहे हैं। खास बात तो यह है कि निजी पब्लिकेशन की ये पुस्तकें तय दुकानों में ही उपलब्ध हो रही हैं, ऐसे में एकाधिकार के चलते कारोबारियों की मनमानी हावी है व अभिभावकों की जेब ढीली हो रही है।

भेज रहे विजटिंग कार्ड

कई स्कूलों के द्वारा विद्यार्थियों व अभिभावकों के वाट्सएप ग्रुप में बकायदा किस दुकान से क्या लेना है, संचालकों के विजटिंग कार्ड भेजे जा रहे हैं। कलेक्ट्रेट के सामने संचालित होने वाले सेंट्रल पब्लिक स्कूल द्वारा बकायदा ग्रुप में ऐसे कार्य शेयर किए गए हैं। अब अभिभावकों की मजबूरी है, जो वहां से कॉपी, किताब, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म ले रहे हैं।

हम हीं बताएंगे रेट, नहीं तो छाप दोगे हमारा नाम

कोतवाली थाना के समीप संचालित होने वाली एक स्टेशनरी की दुकान में अभिभावकों को स्कूलवार दी जा रही पुस्तकों के दाम पूछे तो पहले विक्रेता को लगा कि खरीददार हैं, लेकिन डायरी-पेन देखते ही समझ गए कि पेपर में छापना है। उन्होंने साफ कहा कि हम पुस्तकों के दाम नहीं बताएंगे, नहीं तो आप हमारा नाम छाप देंगे। उन्होंने कहा कि हर कक्षा की किताबें एक-दो करके आ रही हैं, इसलिए बता पाना संभव नहीं है।

कॉपियों व अन्य स्टेशनरी जीएसटी

पुस्तकों को तो जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है, लेकिन कॉपियों, कंपास सहित अन्य स्टेशनरी में जीएसटी जोड़ी जा रही है। कॉपियों में 12 प्रतिशत जीएसटी अभिभावक चुका रहे हैं। रजिस्टर, पानी की प्लास्टिक व स्टील बॉटल, बोर्ड, बुक कवर, प्लाटिक सीट, लंच बॉक्स, बालपेन, पेंसिल, कटर, रबर, स्टेपलर-पिन, नेमचिट, बैग आदि में 18 प्रतिशत तक जीएसटी जोड़ी जा रही है।

यह पहुंच रहा है आंकड़ा

कक्षा रुपए
नर्सरी 5000 से 6 हजार
प्राइमरी 4500 से 5 हजार
मिडिल 5500 से 6 हजार
हाइस्कूल 2500 से 4 हजार
हॉयर सेकंडरी 3000 से 4 हजार

■ शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक स्कूल संचालक को कम से कम पांच-पांच विक्रेताओं की सूची चश्पा करना है, किसी दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं करना है। स्कूलों से भी कॉपी-किताब नहीं बेचना है। यदि सेलरों द्वारा मनमानी की जा रही है और शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कराई जाएगी।

पीपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी।

पहले शारीरिक संबंध बनाया, फिर गला दबाकर कर दी नर्स की हत्या

भोपाल ■

भोपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई नर्स की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। दोस्त ही कातिल निकला। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने नर्स को मिलने के लिए घर बुलाया था। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में गला दबाकर हत्या कर दी। मामले को छिपाने लिए युवक ने डॉक्टर और पुलिस को बताया कि चक्कर आने से नर्स गिर गई थी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या करने और साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी जोन क्रमांक-3 रियाज इकबाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 37 वर्षीय महिला मूलतः केरल की रहने वाली थी। वह बागसेवनिया इलाके में अपने 11 साल के बेटे के साथ रहती थी और बावड़िया कला स्थित एक निजी अस्पताल में नर्सिंग सुपरवाइजर का काम करती थी। करीब पांच साल पहले वह लालघाटी स्थित एक निजी अस्पताल में नौकरी करती थी। उस वक्त उसकी दोस्ती अस्पताल के एडमिन इंचार्ज दीपक कटियार (31) से हो गई थी। मूलतः कानपुर निवासी दीपक लालघाटी स्थित एक फ्लैट में रहता था। दोस्ती होने के कारण दीपक और नर्स का एक-दूसरे के घर आना-जाना था। बुधवार दोपहर को नर्स दीपक से मिलने के लिए उसके फ्लैट पर पहुंची। देर रात करीब डेढ़ बजे दीपक बेहोशी की हालत में उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को दीपक ने बताया कि नर्स चक्कर आने पर गिर गई थी, जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने के कारण पुलिस ने शुक्रवार को पीएम कराया तो पता चला कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है।

आसान नहीं होती वूमेंस यूएफसी फाइटर्स की जिंदगी इन चुनौतियों से भी करना होता है दो दो हाथ

नई दिल्ली ■

अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) की दीवानगी पूरी दुनिया में है और इसमें दुनिया के शीर्ष मिक्सड मार्शल आर्ट्स फाइटर रिंग में अपना दमखम दिखाने के लिए उतरते हैं। यूएफसी से इन फाइटरों को ना सिर्फ शौहरत बल्कि दौलत भी मिलती है। लेकिन इसके साथ ही मिलता है, कभी ना खत्म होने वाला दर्द। खासतौर पर महिलाओं के लिए यह फाइट भविष्य में उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। यह कहना है छह बार की पूर्व यूएफसी चैंपियन रोंडा रोसी का, जो कंसक्शन और न्यूरोलॉजिकल जैसी चोटों से जूझ रही हैं।अमरीका की 37 वर्षीय पूर्व फाइटर रोसी ने हाल ही में एक किताब लिखी है, जिसका नाम है अवर फाइट, इसमें उन्होंने 2015 की अपनी उस सबसे दुखद फाइट का खुलासा किया, जिसमें उन्हें हॉली होम्स के खिलाफ नॉकआउट हार झेलनी पड़ी थी। इस हार से उनका लगातार छह बार यूएफी बेंटमवेंट खिताब जीतने के अभियान पर ब्रेक लग गया था। रोसी ने कहा कि अपने करियर के दौरान उन्हें अपनी चोटें छिपाने का खामियाजा अब भुगतना पड़ रहा है।



वो किक आज भी मुझे डरा देती है

रोसी ने हॉली होम्स के साथ हुई फाइट का जिक्र करते हुए कहा, दूसरे राउंड में होम्स की किक मेरे सिर पर लगी और मुझे ऐसा लगा कि मेरे दिमाग ने काम करना बंद कर दिया है। मैं बेहद घबरा गई थी और सीढ़ियों से उतरते समय गिर गई। मुझे दो सप्ताह बाद होश आया था। मैं उस फाइट का वीडियो देखने से भी घबराती हूं और वो किक मुझे आज भी डराती है।

इसलिए ये फाइट खतरनाक

1) यूएफसी में फाइट के दौरान फाइटर सिर पर किसी तरह का सुरक्षा कवच नहीं पहनता।
2) इस फाइट में शरीर के किसी भी हिस्से पर प्रहार करने की अनुमति होती है।
3) इसमें पांच-पांच मिनट के पांच राउंड होते हैं। इसमें एक मिनट का आराम मिलता है।

%बढ़ जाती है भूलने की बीमारी की समस्या%

1) खिलाड़ियों में मांसपेशियों और लिंगामेंट की चोटें लगना आम बात है। इसके अलावा, चेहरे पर कई फ्रैक्चर भी हो जाते हैं।
2) फाइट के दौरान चेहरे और सिर पर काफी चोट लगती है। मस्तिष्क में आघात के कारण भविष्य में अकसर भूलने की बीमारी हो जाती है।

रोंडा रोसी की उपलब्धियां

06 : बार यूएफसी चैंपियन रहीं रोसी
14 : फाइट करियर में लड़ीं, 12 जीती, 2 हारीं
2018 : में डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर बनीं
2008 : बीजिंग ओलंपिक में जूडो में कांस्य जीता

मनोरंजन

आलिया के सपोर्ट में उतरे रणदीप हुड्डा एक्टर ने लगाई कंगना की क्लास

एक बार फिर से बालीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा एक्ट्रेस आलिया भट्ट के साथ अपने बॉन्ड पर बात करते हुए उनकी सपोर्ट में उतरे हैं। रणदीप का कहना है कि एक्ट्रेस को बेवजह टारगेट किया जाता है। एक्टर ने फिर कंगना की क्लास लगाते हुए कहा कि, अपने साथ के एक्टर्स और कलीग्स को टारगेट करना उस चीज को लेकर जो आपको नहीं मिला, जबकि मुझे लगता है कि आपको इंडस्ट्री से बहुत कुछ मिला है तो गलत है। मुझे लगता है कि मुझे करना चाहिए और मैंने किया। वो आगे कहते हैं,- हाइवे के दौरान मेरा आलिया के साथ स्प्रिचुअल बॉन्ड बन गया था। मुझे नहीं पता उनकी तरफ से कैसा था। ये उनपर है। मैं सिर्फ अपने लिए बोल सकता हूं। मैंने उन्हें हमेशा नई चीजें करते देखा है। मैं उनके लिए असल में खड़ा रहा क्योंकि उन्हें बेवजह टारगेट किया जा रहा था। साल 2019 में कंगना ने फिल्म गली बॉय को लेकर आलिया को मजाक बनाया था। फिल्म में एक्ट्रेस की परफॉर्मेंस पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा था, मुझे शर्म आ रही है, गली बॉय में आलिया की परफॉर्मेंस में ऐसा क्या था। वहीं मुंह फट लड़की, महिला सशक्तिकरण और अच्छी एक्टिंग। मुझे इस शर्म से छोड़ो प्लीज। मीडिया ने फिल्मी बच्चों को बहुत ज्यादा प्यार दे दिया है। ये आम काम करने वालों को फालतू में पैम्पर मत करो। इस दौरान रणदीप आलिया के सपोर्ट में आए थे। उन्होंने आलिया के बचाव में ट्वीट किया था, डियर आलिया,उम्मीद है कि आप दूसरे एक्टर्स की ओपीनियन को खुद के ऊपर ज्यादा हावी नहीं होने दे रही हो।

करण की फिल्म द बुल का हिस्सा हैं सलमान खान

पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म द बुल छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है। बीते साल टाइगर 3 के प्रमोशन के दौरान सलमान खान ने कन्फर्म किया था कि वो करण जौहर की फिल्म द बुल का हिस्सा हैं। दिसंबर 2023 में वो फिल्म के मुहुर्त का भी हिस्सा थे। हालांकि बीते कुछ दिनों से खबर है कि बार-बार शूटिंग डेट्स बदलने से परेशान होकर सलमान ने फिल्म करने से इनकार कर दिया है। बॉक्स ऑफिस इंडिया ने फिल्म से जुड़े एक सूत्र के हवाले से लिखा है कि सलमान अब भी करण की फिल्म द बुल का हिस्सा हैं। उनके द्वारा फिल्म छोड़ने की खबर अफवाह है। फिल्म द बुल की तैयारी शुरू हो चुकी है और सलमान अगले साल फरवरी से फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म द बुल में सलमान में सलमान खान ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा के रोल में नजर आएंगे, जो साल 1988 में मालदीव में हुए ऑपरेशन केकटस के लीड थे। फारुख बुसलारा पैरमिलिट्री ऑफिसर थे, जिन पर फिल्म बनेगी। फिल्म की शूटिंग फरवरी 2025 से शुरू होगी। इस फिल्म को विष्णु वर्धन निर्देशित करने वाले हैं। ज्ञातव्य है कि इन दिनों सलमान खान साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन की अनटाइटल फिल्म पर काम कर रहे हैं।

सार्थक भूमिकाओं के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं कृप सूरी

अपने काम के प्रति अपने प्यार और जुनून पर बात करते हुए एक्टर कृप सूरी ने कहा, टेलीविजन पर काम करना हमेशा से मेरा जुनून रहा है। मुझे टेलीविजन में प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ सहयोग करने का सौभाग्य मिला है और वर्षों से असाधारण परियोजनाओं का हिस्सा बनने का भी मौका मिला है। उन्होंने कहा, मैं वेब शो और अन्य परियोजनाओं जैसे विभिन्न प्रोजेक्ट में व्यस्त रहा, हो सकता है कि महत्वपूर्ण टेलीविजन भूमिकाएं हासिल करने के लिए यह समय अनुकूल न हो।कृप सूरी ने कहा, वह लगातार सार्थक भूमिकाओं के लिए उत्सुक रहते हैं। उन्होंने कहा, अब जब मैं शो बाघिन के साथ एक मजबूत किरदार के रूप में लौट आया हूं तो मैं इंडस्ट्री में अपने सहयोगियों को एक संदेश देना चाहता हूं। मैं उनसे भूमिकाओं के लिए मेरे बारे में विचार करने का आग्रह करता हूं क्योंकि मैं अपनी टेलीविजन यात्रा जारी रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं।

एक्टर ने आगे कहा, यह वह माध्यम है जो मेरे लिए सबसे अधिक महत्व रखता है, और मैं इसका अभिन्न अंग बने रहने के लिए तैयार हूं। यह शो अनेरी द्वारा निभाए गए किरदार गौरी के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक साधारण लड़की है जो वीर (जीशान खान) से प्यार करती है, लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण उसे वीर के भाई देवा (अंश बागरी) से शादी करनी पड़ती है। बाघिन स्टार भारत पर प्रसारित होता है। कृप फुलवा, उतरन, लाल इश्क और फनाः इश्क में मरजावां जैसे टीवी शो का हिस्सा रहे हैं। इन टीवी शोज में एक्टर को दर्शकों का अपार स्नेह मिला है।

LITTAL®
www.pramodmarutiparts.com

आईपीएल में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला आज

दोपहर 3:30 से शुरू होगा मैच

मुंबई। मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 के एक अहम मुकाबले में रविवार को अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला करेगी। मुंबई का लक्ष्य इस मैच को जीतकर किसी भी प्रकार टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करना रहेगा।

हार्दिक पंड्या के कप्तानी संभालने के बाद टीम को अब तक हुए तीनो ही शुरुआती मुकाबलो में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। पांच बार की विजेता टीम को इस प्रकार एक जीत के लिए तरसता देखकर प्रशंसकों में भी खासी नाराजगी है। इससे पंड्या को भी लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन भी अब तक अच्छा नहीं रहा है ओर उसे तीन में से केवल एक ही मैच में जीत मिली है। वह भी उसे अपने कप्तान की आक्रामक पारी से मिली। दिल्ली के लिए राहत की बात ये है कि ऋषभ अब अपना पुराना फार्म हासिल करते जा रहे हैं हालांकि टीम की जीत के लिए सभी को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अब तक दोनो ही टीमों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी खास नहीं रही है। इसलिए इस मुकाबले में किसका पलड़ा भारी रहेगा ये कहा नहीं जा सकता है।

गुजरात को हराकर तीसरी जीत दर्ज करने उतरेगी लखनऊ सुपर जाइंट्स

शाम 7.30 बजे शुरू होगा मैच

लखनऊ। केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम रविवार शाम होने वाले आईपीएल 2024 के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज करने उतरेगी। शुरुआती दो मैच में जीत से सुपर जाइंट्स के हौंसले बुलंद बने हुए हैं। वहीं उसके नये तेज गेंदबाज मयंक यादव ने अब तक के दोनो ही मुकाबलों में धातक गेंदबाजी करते हुए विरोधी टीमों को ध्वस्त कर दिया था। उसे अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। ऐसे में गुजरात के बल्लेबाजों पर एक प्रकार का मानसिक दबाव रहेगा।

मयंक ने अपनी गति से विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया है। पिछले दोनों ही मैचों में उन्होंने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसी कारण उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी मिला। मयंक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 3 विकेट लिए थे जबकि इसके बाद रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के खिलाफ भी इतने ही विकेट लिए थे। वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो लखनऊ के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल जैसे शानदार सलामी बल्लेबाज हैं। डिकॉक ने पिछले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है पर टीम को राहुल से अब भी बड़ी बड़ी पारी का इंतजार है।

प्रगनानंदा ने फिरोजा के साथ खेला ड्रॉ भारत की आर वैशाली भी नहीं रहीं पीछे

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं डी गुकेश ने विदित गुजराती के साथ ड्रॉ खेला। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे। वहीं, भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हंपी के खिलाफ ड्रॉ खेला। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाशिकना और कैटरीना लागनो के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। चीन की तिंगजी ली को हमवतन झोंगई टान से हार मिली। उधर, बुल्गारिया की नूरग्युल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में, फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रॉ पर रोका।

युकी भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी मराकेश ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में

मराकेश (मोरक्को)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने दो घंटे चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता के लुकास मिडलन और ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एर्लर से होगा। भांबरी और ओलिवेट्टी ने दस एसेज लगाए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने तीन ही लगाए थे। भांबरी इस सीजन में पहली बार ओलिवेट्टी के साथ जोड़ी बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले वह हालैंड के रोबिन हास के साथ खेलते रहे हैं।

भगवान शिव की शरण में पहुंचे पंड्या

अहमदाबाद। मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान हार्दिक पंड्या आजकल अपने करियर के खराब दौर से गुजर रहे हैं। आईपीएल 2024 में उनकी टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत पायी है। ऐसे में निराश पंड्या अब भगवान शिव की शरण में पहुंचे हैं। मुंबई इंडियंस की टीम का मुकाबला रविवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी।

शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर जीत पाने के लिए करना पड़ा संघर्ष

लंदन ■

लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 से रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। 76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर थी।

अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है। खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर ब्रैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद मुकाबला काफी रोचक हो गया। हालांकि मैकएलिस्टर ने बेहतरीन गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिला दी। लिवरपूल के कोच जुर्गेन क्लॉप ने कहा कि हमें काफी गहराई तक जाना पड़ा, लेकिन यह सामान्य बात है। हमारा रवैया अच्छा था, लेकिन हमने कई मौकों पर अच्छी फुटबाल नहीं खेली। रविवार को लिवरपूल का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कठिन मुकाबला होगा।

हार से मानसिक स्वास्थ्य भी होता है प्रभावित : सानिया

नई दिल्ली। महिला टेनिस टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने कहा कि किसी भी टूर्नामेंट में हार और जीत का प्रभाव जीवन पर पड़ता है। सानिया के अनुसार टूर्नामेंट में हार से खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। साथ ही कहा कि जब वह खेलती थीं तब खिलाड़ियों के कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य पर कोई बात नहीं होती थी जबकि आज ऐसा हो रहा है जो एक अच्छी बात है। सानिया ने कहा कि उस समय जब भी उन्हें किसी टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा तो उन्हें अपने परिवार और टीम से समर्थन मिला। उन्होंने अपने खेल के दिनों को याद करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बहुत कठिन था क्योंकि उस दौर में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में ज्यादा बातें नहीं होती थीं। हाल ही में इस पर बातें शुरु हुई हैं। प्रतिदिन के हिसाब से देखा जाये तो टूर्नामेंट में हार का सामना काफी मुश्किल होता था। सानिया ने पिछले साल फरवरी में ही खेल से संन्यास ले लिया था।

अब आप भी बन सकते हैं
ग्लोबल रिपोर्टर
अपने आस-पास होने वाली महत्वपूर्ण गतिविधियां, घटना-दुर्घटना की खबर, फोटो या वीडियो हमें वाट्सएप करें
7999509078
ना केबल कनेक्शन की झंझट, ना ही सेट-टॉप बॉक्स का खर्चा
ग्लोबल हेराल्ड न्यूज़ अब IPTV पर भी
बस एक बार गूगल करें और देखें हमेशा ताज़ातरीन खबरें
www.globalheraldtv.com
ग्लोबल हेराल्ड NATIONAL HERALD
न्यूज़ पेपर न्यूज़ चेनल वेब टीवी
editor@globalherald.news



प्रकाशक एवं मुद्रक **विष्णु गोयल** द्वारा स्वामी शिवा पब्लिकेशन के लिए 1-ए, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स एबी रोड, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विस प्रा.लि. रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, सेंटर पाइंट, मांगलिया बायपास, इंदौर, मध्यप्रदेश से मुद्रित। Epaper_www.globalherald.news
प्रधान संपादक -**विष्णु गोयल,** सलाहकार संपादक- **सौरभ बैनर्जी**, प्रदेश संपादक- **दिलीप शर्मा**, स्थानीय संपादक **सत्येन्द्र जैन** *(*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। मोबाइल नं.:-7999509078, आर.एन.आई. नं. MPHIN/2012/41876, email- editor@nationalherald.org, डाक पंजीयन क्रमांक - **MP/IDC/1438/2016-2018**